

दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 14 अंक 314 लखनऊ, सोमवार, 02 जून 2025 पृष्ठ : 8 मूल्य : 2.00



## संक्षिप्त

### देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 3758 के पार, दो की मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। कोरोना वायरस से पिछले 24 घंटे के दौरान दो मरीजों की मौत हुई है। कर्नाटक में 63 वर्षीय बुजुर्ग मरीज ने दम तोड़ दिया, जिन्हें पहले से अन्य गंभीर बीमारियां भी थीं। केरल में 24 साल की एक युवती की संक्रमण से मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को सुबह जारी आंकड़ों में बताया कि देश में एक्टिव कोविड केस की संख्या बढ़कर 3758 हो गई है। बीते 24 घंटे में 363 नए संक्रमित मरीज सामने आए, जबकि 1818 मरीजों को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। आंकड़ों के अनुसार सभी राज्यों में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे है। केरल में सबसे ज्यादा 1400, महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 कोरोना के मामले हैं। देश में कोरोना के 4 नए वैरिएंट मिले हैं।

### एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष मसातो कांडा से मुलाकात की। इस दौरान मोदी ने कहा कि भारत के पिछले एक दशक में तेजी से बदलाव ने अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है। हम इस यात्रा में और गति जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपनी बात साझा करते हुए एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा, ''मसातो कांडा के साथ मेरी बैठक बहुत अच्छी रही। हमने कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। भारत का तेजी से परिवर्तन अनगिनत लोगों को सशक्त बना रहा है। हम इस यात्रा में और सहयोग देने के लिए तत्पर हैं। वहीं, मसातो कांडा ने भी एक्स पर अपनी बात रखते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 का दृष्टिकोण साहसी है। एडीबी इस महत्वाकांक्षा का समर्थन कर रहा है।

### राम मंदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी पूरी

अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में नवनिर्मित दिव्य और भव्य राम मंदिर की द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने आज बताया कि राम मंदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इससे पूर्व दो जून को अर्थात कल महिलाओं के द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाली जायेगी। यह यात्रा सरयू तट के संत तुलसी घाट से अपरान्ह चार बजे से शुरू होगी और लता चौक से रामपथ होते हुए हनुमानगढ़ी, बड़ा स्थान व रंगमहल होकर श्रीराम मंदिर परिसर में यज्ञ मण्डप तक जायेगी।

# प्रेरणा मूर्ति हैं वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर : उपराष्ट्रपति

## महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान- 2025 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए उप राष्ट्रपति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● उपराष्ट्रपति ने जनसमुदाय का किया आह्वान, लोकमाता अहिल्याबाई की तरह कर्तव्य को धर्म मानेंगे और अधिकारों को सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे

आगरा। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती एक तारीख और ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि हम सबके लिए जीवन दर्शन है। हमें संकल्प लेना पड़ेगा कि हम उनके आदर्शों पर चलेंगे। लोकमाता कठिन समय में भारत की महान परंपरा की प्रतिनिधि थीं, जहां धर्म-संस्कृति व शासन एक ही धारा में प्रवाहित होते हैं। सोमनाथ गुजरात, काशी विश्वनाथ, महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वरम, गोकर्ण समेत न जाने कितने मंदिर उनके हाथ से संजीवित हुए। वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर हमारे लिए प्रेरणा मूर्ति हैं।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को जीआईसी ग्राउंड, पचकुइयां में आयोजित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में उन्होंने समारोह को संबोधित किया।

धनखड़ ने कहाकि संस्कृति का सृजन व संरक्षण बहुत अहम है। आक्रांता औरंगजेब ने क्रूरता से काशी विश्वनाथ पर प्रतिघात-कुठाराघात किया तो उसके 100 वर्ष बाद अहिल्याबाई होल्कर ने दूरदर्शिता दिखाते हुए काशी विश्वनाथ में मंदिर बनाया। वर्तमान परिदृश्य की चर्चा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि वहां जो चमत्कारी परिवर्तन आया है, उससे पूरा



देश अभिभूत है। वहां के मनोरम घाटों का अवलोकन कर आनंद की अनुभूति होती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में यह कार्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि योगी आदित्यनाथ दूरदर्शी और काम में विश्वास रखते हैं। दिसंबर 2021 में उन्होंने काशी विश्वनाथ में आदि शंकराचार्य व लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण किया था। जो कार्य लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने किया, वही योगी आदित्यनाथ ने किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की काया पलट दी। काशी विश्वनाथ, अयोध्या के बाद मथुरा में भी कार्य होगा। आने वाली पीढ़ियां योगी आदित्यनाथ के कार्य को उसी तरह स्मरण करेंगी, जैसे आज हम लोकमाता को याद रखते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहाकि संकल्प लें, लोकमाता अहिल्याबाई की तरह हम भी कर्तव्य को धर्म मानेंगे और अधिकारों को सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाएंगे। विधि की रचना की तरह अहिल्याबाई की सोच योगी आदित्यनाथ में भी आ गई है।

भारतीय सेना के पराक्रम को याद करते हुए उप राष्ट्रपति ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में दुश्मनों ने कायरता दिखाई, उसका जवाब दिया गया।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने आत्मरक्षा के गुण सिखाए: योगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

आगरा/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत आगरा में आयोजित विशाल संगोष्ठी को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब महारानी अहिल्याबाई ने ढाई सौ साल पहले इनके पुनरुद्धार का महान कार्य किया। सीएम योगी ने कहा कि लोकमाता ने मालवा साम्राज्य को आत्मरक्षा के गुण सिखाए। आज भारत की सेना उसी प्रेरणा से सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करती है। जब पाकिस्तान आतंकियों को पालता है, तो भारत घुसकर मारता है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के एयर सिस्टम को ध्वस्त कर दुश्मन को झुकने के लिए मजबूर किया। यह लोकमाता के विराट व्यक्तित्व की प्रेरणा का परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने महिलाओं, हस्तशिल्पियों, कारीगरों, किसानों, युवाओं, सुरक्षा और भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए जो कार्य किए, वे अविस्मरणीय और अभिनंदनीय हैं।

# केंद्र सरकार का सबूत आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली स्थापित करना लक्ष्य : अमित शाह

● अमित शाह ने कोलकाता में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के नए भवन का किया उद्घाटन

एजेंसी

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कोलकाता के राजारहाट में केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) की नई इमारत का उद्घाटन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का मुख्य उद्देश्य एक पुख़्ता, सबूत-आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली की स्थापना करना है। उन्होंने स्पष्ट किया



कि इस दिशा में तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। अमित शाह ने कहा, ''हमारी कोशिश है कि आपराधिक न्याय प्रणाली बहस आधारित नहीं बल्कि साक्ष्य आधारित हो। इससे न केवल दोषियों को संदेह का लाभ मिलने से रोका जा सकेगा बल्कि पीड़ितों को भी न्याय सुनिश्चित किया जा सकेगा।''

उन्होंने जोर देकर कहा कि अपराधियों से दो कदम आगे रहकर जांच करना ज़रूरी है और इसमें आधुनिक तकनीक की अहम भूमिका है।

उन्होंने बताया कि डीएनए सीक्वेंसिंग की मदद से 20 साल पुराने मामलों को सुलझाया गया है और फॉरेंसिक ऑडिट्स से कई आर्थिक अपराधों का खुलासा हुआ है। गृह मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि केंद्र सरकार देश में फॉरेंसिक विज्ञान सुविधाओं के आधुनिकीकरण के लिए करीब 2,800 करोड़ रुपये की परियोजना ला रही है।

इसके तहत 200 करोड़ रुपये की लागत से एक राष्ट्रीय फॉरेंसिक डाटा केंद्र भी स्थापित किया जाएगा, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की सहायता से विशाल डेटा विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल सबूत-आधारित आपराधिक न्याय प्रणाली को और मज़बूत बनाने में सहायक होगी।

# अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

## सचिवालय ने की सीट रिक्त घोषित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी को एक चुनावी रैली के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से रविवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया।

इस संबंध में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने आज अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार अब्बास अंसारी को 31 मई से अयोग्य माना जाएगा और मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है।



अब्बास अंसारी माफिया मुख्तार अंसारी का बेटा है। यह 2022 के चुनावों में मऊ सीट से जीता था, जब सुभासपा ने समाजवादी पार्टी (एसपी) के साथ गठबंधन किया था।

गौरतलब है कि अब्बास अंसारी को एक चुनावी रैली के दौरान भड़काऊ भाषण मामले में मऊ जिले की एक विशेष अदालत ने दो साल की कैद और 11,000 रुपये के जुर्माने की सजा शनिवार को सुनाई थी।

न्यायाधीश डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह की एमपी-एमएलए कोर्ट ने भड़काऊ भाषण मामले में मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे और उसके सहयोगी मंसूर अंसारी को दोषी करार दिया। दोषी पाए जाने के बाद पुलिस ने दोनों लोगों को हिरासत में ले लिया। विधायक को विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए दो वर्ष के कारावास और विभिन्न धाराओं की कुल राशि में 11 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। विधायक अब्बास अंसारी के चुनाव एजेंट और सहयोगी मंसूर अंसारी को भी 6 माह के कारावास और 1000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई।

विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान मऊ सदर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी 3 मार्च 2022 की शाम नगर क्षेत्र के पहाड़पुरा मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि चुनाव के बाद जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को रोका जाएगा और सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार बनने के बाद किसी का तबादला नहीं किया जाएगा। सभी को यहीं रखा जाएगा और हिसाब-किताब किया जाएगा। इस मामले का संज्ञान लेते हुए उपनिरीक्षक गंगाराम बिंद की तहरीर पर नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई। इसमें सदर विधायक अब्बास अंसारी व अन्य को आरोपी बनाया गया था।

# बिना अनुमति प्रदर्शन करने वाले सपा पदाधिकारी सहित 300 पर केस दर्ज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में कोतवाली पुलिस ने बिना अनुमति के धरना प्रदर्शन, सड़क जाम तथा सरकार विरोधी नारेबाजी करने के आरोप में समाजवादी पार्टी (सपा) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के विरुद्ध रविवार को मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, महासचिव बंटी सेंगर, महानगर उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, युवा नेता अर्पित यादव को नामजद किया गया है, जबकि लगभग 300 अज्ञात कार्यकर्ताओं को आरोपी बनाया गया है। यह कार्रवाई



उपनिरीक्षक नितिन कुमार की तहरीर पर की गई है। उपनिरीक्षक नितिन कुमार के अनुसार 29 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शहर आगमन कार्यक्रम के मद्देनजर 25 मई से धारा 163 बीएनएस प्रभावी की गई थी। इसके बावजूद 29 मई को दोपहर लगभग 12 बजे सपा कार्यकर्ता नवीन मार्केट स्थित पार्टी कार्यालय पर एकत्र हुए और सरकार विरोधी नारेबाजी प्रारंभ कर दी। प्रदर्शनकारी हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर बड़े चौराहों से होते हुए कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ने लगे। पूछे जाने पर वे कोई भी वैध अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस द्वारा रोके जाने और समझाने का प्रयास करने के बावजूद प्रदर्शनकारी नहीं माने और जिलाधिकारी कार्यालय की ओर मार्च करते हुए सड़क पर नारेबाजी करते रहे, जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ा। पुलिस के अनुसार पांच नामजद सहित 300 अज्ञात के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया है। आरोपियों पर सरकार विरोधी नारेबाजी, शासकीय आदेशों की अवहेलना, सड़क जाम कर जनसामान्य को असुविधा पहुंचाने जैसी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सिक्किम में भारी बारिश भूस्खलन का कहर

● लाचेन–लाचुंग में 1350 पर्यटक फंसे

एजेंसी

गंगटोक। सिक्किम में लगातार मूसलधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। विशेषकर उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले में स्थिति गंभीर बनी हुई है, जहां तीस्ता नदी का जलस्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया है और कई स्थानों पर भूस्खलन ने रास्ते



पूरी तरह अवरुद्ध कर दिए हैं। इसके चलते लाचेन में 115 और लाचुंग में करीब 1350 पर्यटक फंसे हुए हैं। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) ने मंगन जिले के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है, जबकि नामची, सोरेंग, गंगटोक और पाकयोंग जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट' घोषित किया गया है।

शनिवार रात फिदांग गांव और आसपास के इलाकों में बादल फटने से भारी तबाही हुई। तीव्र वर्षा और भूस्खलन के कारण कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं और बिजली तथा संचार सेवाएं पूरी तरह बाधित हो गई हैं।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार जब तक मौसम साफ नहीं होता और सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं होता तब तक बचाव कार्य असंभव है। वर्तमान में रस्सियों और वैकल्पिक उपायों से ही बचाव की योजना बन रही है, लेकिन इसके लिए भी बारिश रुकना आवश्यक है।

# गांव–गांव बनेंगे समृद्ध, क्लस्टर मॉडल से बदलेगी किसानों की तकदीर

● खेती की लागत घटेगी और उत्पादकता में होगी वृद्धि

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उनके जीवन को समृद्ध बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। अब प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग को व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा। इसके तहत एक ग्राम पंचायत एक क्लस्टर अभियान चलाया जाएगा, जिससे किसानों की



आमदनी ही नहीं, बल्कि उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में भी बड़ा परिवर्तन आएगा।

हर क्लस्टर 50 हेक्टेयर भूमि में फैला होगा, जिसमें कम से कम 125 किसानों को शामिल किया जाएगा। पहले साल 7.16 लाख रुपए और दूसरे साल 6.83 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा, जो प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में मददगार होगा। किसान फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) से भी जुड़ेंगे, जिससे उन्हें फार्म मशीनरी बैंक, कस्टम हायरिंग सेंटर, वेयरहाउस, कोल्ड स्टोरेज और मार्केटिंग की अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। प्रदेश सरकार की योजना है कि वर्ष 2025-26 तक बड़ी संख्या में क्लस्टर विकसित कर लाखों किसानों को इससे जोड़ दिया जाए। जिससे न केवल खेती की लागत घटेगी, बल्कि उत्पादकता और आय दोनों में वृद्धि होगी। प्राकृतिक खेती से जुड़कर किसान न केवल जैविक उत्पाद उगाएंगे, बल्कि उन्हें बाजार में अच्छे दाम भी मिलेंगे। इससे ग्राम पंचायतें आर्थिक रूप से सक्षम होंगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

# चित्रकूट में डीसीएम–पिकअप की भिड़ंत में पांच की मौत, छह घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत झांसी-मिर्ज़ापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भाखरवार मोड़ के पास बैंड पार्टी को लेकर जा रहा पिकअप वाहन और डीसीएम ट्रक में सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए हैं, जिन्हें सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को प्रयागराज हॉयर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की करीब दोपहर 12 बजे एक डीसीएम जो कर्वी से प्रयागराज की तरफ जा रहा था। तभी भाखरवार मोड़ के पास डीसीएम एक पिकअप वाहन से टकरा गई। यह



पिकअप वाहन मऊ से कर्वी की तरफ बारात से लौट रहा था। इस घटना में रामू साहू पुत्र बाबूलाल निवासी बलहोरा और दुर्गा पुत्र बिर्ज़ावन निवासी शिवरतन का डेरा थाना मऊ की मौके पर मौत हो गई। जबकि बच्चा पुत्र खोदू राम, कुनैन पुत्र दिलावर निवासी बलहोरा और संतराम पुत्र खुन्नीलाल निवासी सकोहा थाना मऊ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में भईयन पुत्र राजू निवासी सखोवा थाना मऊ, शांतिभान पुत्र गोपाल निवासी पहाड़ी थाना रैपुरा, इमरान पुत्र बशीर निवासी कुंडा जिला प्रतापगढ़, हीरो मालवी पुत्र हबीब अली, सादिक पुत्र नाथू निवासी देउधा थाना रैपुरा और दूधनाथ पुत्र चुन्नीलाल निवासी पहाड़ी थाना रैपुरा गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें प्रयागराज के स्वरूपरानी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया।

पुलिस अधीधक ने बताया कि इस भीषण सड़क हादसे में कुल पांच लोगों की मौत हो गई।

छह लोगों का इलाज अस्पताल में जारी है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने बचाव कार्य कराते हुए क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवा दिया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह हादसा पिकअप चालक को नींद आने पर डीसीएम से भिड़ंत हुई है। घायलों में कुछ लोगों की कंडीशन क्रिटिकल है, जिनको इलाज के लिए भेजा गया और मामले की जांच की जा रही है। इस हादसे की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी मौके पर पहुंचे और घटना पर दुख जताते हुए मृतक के परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी से सड़क हादसे में घायल हुए लोगों के बेहतर इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# राजभवन में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर विशेष योगाभ्यास सत्र प्रारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। राजभवन में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) की श्रृंखला में विशेष योगाभ्यास सत्र का शुभारंभ रविवार को किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'' है, जिसे ध्यान में रखते हुए इस आयोजन का उद्देश्य न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है, बल्कि पर्यावरण एवं संपूर्ण पृथ्वी के प्रति जागरूकता को भी समर्पित है। यह योगाभ्यास सत्र प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 20 जून तक राजभवन के लॉन में आयोजित किया जाएगा।

राज्यपाल के कुशल मार्गदर्शन में इस विशेष आयोजन की परिकल्पना की गई है, जिसका उद्देश्य समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नागरिकों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन शैली की ओर अग्रसर करना है। आज के शुभारंभ सत्र में लगभग 1000 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतिभागियों में विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधिगण, राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में योगप्रेमी नागरिक शामिल रहे। प्रशिक्षित योगाचार्यों के निर्देशन में सभी ने संयुक्त रूप से योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। उल्लेखनीय है कि यह योग सत्र 20 जून तक प्रतिदिन आयोजित होगा। इसके उपरांत 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजभवन परिसर में एक भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को सशक्त करेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर योग के माध्यम से ''एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य'' के संदेश को समाज में स्थापित करने का एक प्रेरक प्रयास भी सिद्ध होगा।

# एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे यूपी के बच्चे

- पर्यावरण दिवस पांच जून को स्कूली बच्चे नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला के जरिए करेंगे जन जागरूकता

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। पांच जून को पर्यावरण दिवस है। उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़ी पहल शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर स्कूली बच्चों से लेकर युवा तक, सभी 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' का संकल्प लेकर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। इसके तहत नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिताओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाया जाएगा। पर्यावरण निदेशालय ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। पर्यावरण निदेशक की तरफ से इसके लिए समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भी भेजा गया है। विभाग की तरफ से रीजनल साइंस सेंटर, अलीगंज लखनऊ में मुख्य आयोजन होगा। विश्व पर्यावरण दिवस इस वर्ष प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने व प्लास्टिक से बने सामानों का उपयोग न्यूनतम करने के उद्देश्य से मनाया जाएगा। उपनिदेशक श्रुति शुक्ला ने बताया कि पूरे प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 'एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली' थीम पर नुक्कड़ नाटक, भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ इस क्षेत्र में कार्य करने वाले विशेषज्ञ भी प्रतिभाग करेंगे। इस मुहिम का यंग फ़ेस स्कूली बच्चों को बनाया जाएगा। उनके लिए प्रकृति को लेकर विभिन्न विषयों पर नुक्कड़ नाटक होंगे। नुक्कड़ नाटकों में दिखाया जाएगा कि प्लास्टिक का कचरा कैसे नदियों को मार रहा है और पर्यावरण पर प्रतिकूल असर दिखा रहा है। भाषण प्रतियोगिता में बच्चे बताएंगे कि प्लास्टिक का उपयोग कैसे न्यूनतम किया जाए। चित्रकला प्रतियोगिता में पर्यावरण से संबंधित अपने मनोभाव को पेंटिंग के जरिए उकेरेंगे। उत्तर प्रदेश पर्यावरण निदेशक सुशांत शर्मा ने कहा कि पांच जून को पर्यावरण दिवस है। प्रदेश सरकार के निर्देशन में युवाओं, बच्चों व जन-जन को सिंगल यूज प्लास्टिक के खतरों को बताने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। एंडिंग प्लास्टिक ग्लोबली थीम पर स्कूलों बच्चों के मध्य जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिता भी होगी। साथ ही पौधे लगाने और उन्हें संरक्षित के लिए भी बच्चों का आह्वान किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा कार्यालय के बाहर लगी होर्डिंग, सपा नेता बोले, सिंदूर नहीं सिलेंडर बांटो

लखनऊ। राजधानी में होर्डिंग वार का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को सपा मुख्यालय के बाहर होर्डिंग लगवाई गई। इस होर्डिंग में सपा ने भाजपा का विरोध किया है। होर्डिंग सपा नेता मोहम्मद इखलाक ने लगवाई। होर्डिंग में कहा गया है कि भाजपा को सिंदूर नहीं, रोजगार बांटना चाहिए। होर्डिंग में लिखा कि रोजगार नहीं, पर सिंदूर जरूर बांट रहे हो, सेना का नाम लेके फिर वोट मांग रहे हो। शिक्षा दो, काम दो, ये देश मांगता हिसाब। सेना है देश की शान, उसे मत बनाओ प्रचार का सामान। लखनऊ में होर्डिंग के जरिए सियासी दल एक-दूसरे पर लगातार हमलावर हैं। मोहम्मद इखलाक ने कहा कि भाजपा के नेता कह रहे हैं कि घर-घर सिंदूर बाटेंगे। मगर यह वह भाजपा है, जिसने घर-घर बेरोजगारी, नफरत बांटा है। महंगाई इस तरह बाटी है की माताओं-बहनों को घर चलाने में दिन-रात मशक्कत करनी पड़ती है। सिलेंडर के दाम आसमान छू रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी किसी भी चीज को मुद्दा बनाकर राजनीति करने का काम करती है। भाजपा इस मुद्दे पर चारों तरफ से घिर गई तो वह बैकफुट पर आ गई और कह रहे हैं कि हमने सिंदूर बांटने की बात नहीं की। इखलाक ने कहा कि बाटना ही था तो घर-घर रोजगार बांटते। माताओं-बहनों तक मुफ्त सिलेंडर पहुंचाते । भाजपा का काम है सिर्फ नफरत करना और आपसी भाईचारे को खत्म करना। लगातार भाजपा के लोग महिलाओं का अपमान करते है। एक डिबेट के दौरान भाजपा प्रवक्ता ने कंाग्रेस के प्रवक्ता से अभद्र भाषा का प्रयोग किया। कहा कि उनकी मां और बहन के बारे में अभद्र टिप्पणी करते हुए गालियां दीं। मैनपुरी में भाजपा नेत्री के बेटे की दर्जनों अश्लील वीडियो वायरल हुई हैं। यह भाजपा के चरित्र को दर्शाता है। हमारी मांग है कि आम जनता को रोजगार और सस्ता सामान उपलब्ध कराया जाए।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में अब 15 जून तक भरा जायेगा प्रवेश फार्म

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सत्र 2025-26 की केन्द्रीय कृत प्रवेश व्यवस्था (सेट्रलाइज्ड एडमिशन सिस्टम) के अंतर्गत आनलाइन स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया में ऑनलाइन प्रवेश फार्म भरने की अंतिम तिथि 31 मई 2025 से बढ़ा कर 15 जून 2025 कर दी गई है। उक्त जानकारी लखनऊ विश्वविद्यालय के एडमिशन कोआर्डिनेटर डाक्टर अनित्य गौरव ने दी। डाक्टर अनित्य गौरव ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक छात्र छात्राओं को एक और मौका दिया गया है। विश्वविद्यालय परिवार में शामिल होने के लिए नये सत्र की छात्र छात्राओं को जमकर तैयारी करनी चाहिए। जिससे वे अपने प्रवेश प्रक्रिया को पास कर लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश पा सकें।

### गोमती नदी के किनारे चल रहा रिवर योगा अभियान, योग और सफाई का अनूठा संगम

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में गोमती नदी के किनारे इकोलॉजिकल टास्क फोर्स की पहल पर शिवर योगा अभियान चल रहा है। मेजर कंवरदीप सिंह नागी की देखरेख में यह अभियान पर्यावरण और स्वास्थ्य को एक साथ जोड़ रहा है। अभियान 21 अप्रैल से कुड़िया घाट पर शुरू हुआ है। यह 21 जून, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तक चलेगा। प्रमाणित योग प्रशिक्षक कुलदीप कुमार हर सुबह 6 से 8 बजे तक योग सत्र का संचालन करते हैं। योग के बाद घाटों की सफाई की जाती है। इस अभियान में सैनिक, एनसीसी-एनएसएस के छात्र, स्थानीय निवासी और सामाजिक संगठन सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में हर सप्ताह नई थीम रखी जाती है। प्लास्टिक मुक्त घाट, स्वस्थ नदी, स्वस्थ जीवन और नदी किनारे ध्यान जैसे संदेश दिए जा रहे हैं। इससे लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बीच संबंध समझने में मदद मिल रही है। नगर निगम, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय और स्टेट मिशन फॉर क्लीन गंगा इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं। बीबीएयू के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल और पर्यावरण विभाग के प्रो. डॉ. वेंकटेश दत्ता ने इस पहल की सराहना की है।21 जून को कुड़िया घाट पर सामूहिक योग प्रदर्शन होगा।

## यूपी के नए डीजीपी के लिए कानून व्यवस्था को सुधारना बड़ी चुनौती : मायावती

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के नए पुलिस महानिदेशक के सामने प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुधारना बड़ी चुनौती है। उल्लेखनीय है कि शासन ने शनिवार रात को तत्कालीन पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद आईपीएस राजीव कृष्ण को कार्यवाहक डीजीपी बनाया है। इस पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। इस मामले में बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को एक्स पर तीन पोस्ट किए। पहले पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में से खासकर यूपी में सामंती व आपराधिक तत्वों का वर्चस्व है। जातिवादी एवं साम्प्रदायिक द्वेष, हिंसा, अन्याय-अत्याचार, लोगों को उजाड़ने आदि से यह साबित है कि यहां कानून का राज सही से नहीं चल रहा है। ऐसे माहौल में यूपी पुलिस के नए प्रमुख के सामने राज्य में अपराध नियंत्रण व कानून का राज स्थापित करके सर्वसमाज के लोगों को उचित राहत पहुंचाने की बड़ी चुनौती होगी। राज्य सरकार व सत्ताधारी दल के लोगों को भी यूपी में कानून का राज स्थापित करने में हर प्रकार का सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि वैसे भी भारत के बहुआयामी विकास व यहां की विशाल आबादी की समग्र उन्नति में यूपी को देश की प्रगति की रीढ़ होना चाहिए।

# दलित महिला से दोस्ती कर बनाए संबंध, अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर रिश्तेदारों को भेजे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में दलित महिला से दोस्ती कर हरदोई के युवक ने शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा है। महिला ने जब शादी के लिए कहा तो बोला कि पहले ईसाई बनो। साथ ही अश्लील वीडियो रिश्तेदारों को भेज दिए। महिला का आरोप है कि चार साल पहले उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। आरोपी ने शादी का वादा करके उसके साथ संबंध बनाए थे। उस दौरान अश्लील वीडियो बना लिये। अब धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा है। पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। बख्शी का तालाब की रहने वाली महिला ने बताया कि चार साल पहले उसकी मुलाकात मल्लावा हरदोई निवासी राकेश कुमार पांडेय उर्फ अविनाश पांडेय से हुई। राकेश अवधपुरी सर्वोदय नगर लखनऊ में रहकर मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाता है। पीड़िता की मुलाकात मोबाइल फोन बनवाने के दौरान हुई। दोनों में बातचीत शुरू हुई और अफ़ेयर हो गया। पीड़िता आरोप है कि करीब 3 साल पहले राकेश उसे रिश्तेदार के घर बर्ड-डे का बहाना बनाकर ले गया। वहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिया। पीड़िता ने होश में आने पर विरोध किया तो जल्द शादी का करने की बात कही।पीड़िता का आरोप है कि लंबा समय बीतने पर युवक शादी नहीं की तो उसने दबाव बनाया। इस पर शादी से मुकर गया। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर जबरदस्ती संबंध बनाने लगा। पीड़िता ने परेशान हो कर उससे बातचीत करने बंद कर दी। इसके बाद अलग-अलग नंबरों ने कॉल करके परेशान करने लगा। कुछ दिन बाद पीड़िता व उसके परिवार पर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाने लगा। तब उसे आरोपी राकेश के ईसाई होने का पता चला। इसके बाद परिवार और रिश्तेदारों को कॉल करके जमीन और पैसे की डिमांड करने लगा। पीड़िता उसकी बातों में नहीं आई तो उसके अश्लील फोटो-वीडियो दोस्तों और रिश्तेदारों को भेज दिए। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। मामले में एसीपी अनिंद्य विक्रम सिंह का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी को हिरासत में लेने के बाद मामला स्पष्ट पता चल पाएगा।

### महिला समीक्षा अधिकारी को परेशान कर रहा सिरफिरा, बोला पुलिस में शिकायत की तो बुरा होगा

**लखनऊ।** लखनऊ में सचिवालय में तैनात महिला समीक्षा अधिकारी को एक सिरफिरे कॉल करके परेशान कर रखा है। कॉल और मैसेज करके अश्लील बातें करता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने तंग आकर आशियाना थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मानसरोवर आशियाना निवासी महिला में सचिवालय में समीक्षा अधिकारी के पद पर तैनात हैं। पीड़िता का आरोप है कि शुक्रवार रात से उनके पास अज्ञात नंबर से एक कॉल और मैसेज आ रहे हैं। कॉल करने वाला व्यक्ति उनसे अश्लील हरकतें कर रहा है। उसकी हरकत से परेशान हो कर पीड़िता ने नंबर ब्लॉक कर दिया। इसके बाद दूसरे नंबर से कॉल करके परेशान करने लगा। पीड़िता उसकी हरकत से परेशान होकर पुलिस में शिकायत करने की बात कही। इस पर शनिवार को कॉल करके धमकी देने लगा कि पुलिस के पास शिकायत की तो बुरा होगा। सिरफिरे की हरकत से पीड़िता काफी घबरा गई। पूरी घटना की जानकारी अपने परिवार को दी। इसके बाद आशियाना थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले में इंस्पेक्टर आशियाना का कहना है कि केस दर्ज करके अज्ञात नंबर से आरोपी का पता लगाया जा रहा है।

### सुरेश श्रीवास्तव की मृत्यु के दो वर्ष बाद रिक्त घोषित हुई सीट, अब्बास की सीट 24 घंटे में : आईपी सिंह

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के नेता एवं प्रवक्ता आईपी सिंह ने रविवार को अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता समाप्त होने के कुछ मिनटों के बाद एक्स पर ट्वीट किया। आईपी सिंह ने कहा कि लखनऊ से भाजपा विधायक सुरेश श्रीवास्तव की मृत्यु के दो वर्ष बाद सीट रिक्त घोषित की गई। अब्बास अंसारी की सुनियोजित ढंग से 24 घंटे में सीट खाली करा दी गयी और छुट्टी के दिन सचिवालय खोल कर चुनाव आयोग को सूचित कर दिया गया। आईपी सिंह ने ट्वीट में आगे कहा कि जब देश के संस्थान कमजोर होते हैं तो देश कमजोर होता है। 2014 से अक्सर यही देखा जाता है। भाजपाइयों की सीट रिक्त होती है तो महीनों छोड़िये वर्षों चुनाव आयोग पूछताछ नहीं करता। अब तो न्यायपालिका का भी अस्तित्व खतरे में पड़ गया है, सिर्फ भारतीय सेना बची हुई है जिसे बीजेपी अंदर से खोखली करने में जुटी हुई है। चुनाव आयोग तो भाजपा दफ्तर में खुल गया है।

# गोमती रिवर फ़्रंट में दुर्गंध खत्म होने से बढ़ेगा जेट स्कीइंग का आनंद : अखिलेश यादव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को एक्स पर एक ट्वीट कर कहा कि सपा के बनाए लखनऊ गोमती रिवर फ़्रंट में आम जनता के स्वस्थ मनोरंजन के लिए जेट स्कीइंग का आनंद तब और बढ़ जाएगा, जब भाजपा सरकार की लापरवाही और उपेक्षा के कारण प्रदूषित गोमती नदी अपने बदरंग और दुर्गंध को लेकर पर्यटकों के आनंद में बाधा न बने। भाजपा सरकार को कोई समझाए कि शुद्धीकरण से ही सौंदर्यीकरण की शुरुआत होती है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सच्चाई तो ये है कि परिवारवालों का सुख भाजपाइयों से देखा नहीं जाता है। इसीलिए सपा ने जब आम परिवारों के जीवन में नदी किनारे के आनंद को भरने का प्रयास किया तो जांच के नाम पर भाजपाइयों ने गोमती रिवर फ़्रंट का विकास ही रोक दिया। जब विद्वेषपूर्ण जांच में भी कुछ हाथ नहीं लगा तो भाजपाइयों ने जांच पर जांच का खेल शुरू करवा दिया। इससे अच्छा तो भाजपा सरकार अपने शासनकाल में चोरी हुए उन विदेशी फ़ाउंटेन की जांच करवा ले, जिनके बारे में ये पता ही नहीं चला कि वो नदी में समां गये या आसमान निगल गया। अगर उप्र में भाजपा सरकार ने सही से सपा के विकास कार्य को आगे बढ़ाया होता तो विदेशी मेहमानों का झूला साबरमती के किनारे नहीं, यहीं गोमती के किनारे लगा होता, क्योंकि गोमती रिवर फ़्रंट का तो कोई मुकाबला ही नहीं है। उन्होंने कहा कि आशा है इस आग्रहपरक टिप्पणी को पढ़कर लखनऊ वाले घोषित करेंगे कि गोमती रिवर फ्रंट ही देश का सर्वश्रेष्ठ रिवर फ्रंट है, जो चाहे आकर देख लें। चलते-चलते ये एक आग्रह और है कि किसी 'मुख्य नगर में कोई मुख्य ताल' भी है, लगे हाथों और समय रहते उसकी भी जांच करवा लें क्योंकि 2027 में तो उसकी जांच होना तय है।

### ललितपुर जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर के पास से मिले तीस हजार रूपये

**लखनऊ।** ललितपुर जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर के पास से तीस हजार रूपये नकदी मिली है। इसके साथ ही जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान मिठाई, क्रीम, तेल, डनलफ गद्दा, देशी घी जैसी वस्तुएं भी उपयोग कर रहे हैं। यह जानकारी विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक जायसवाल ने पत्रकारों को दी है। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक जायसवाल ने रविवार को बताया कि उन्होंने ललितपुर जेल में छापेमारी की थी। इस दौरान एक बैरक में तमाम साजो सामान मिले थे। इस बैरक में पूर्व सांसद रिजवान जहीर बंद है और उसके गद्दे के नीचे से ही तीस हजार रूपये बरामद हुए हैं। पूर्व सांसद अपने उपयोग में महंगी वस्तुएं रखता है। उसे बैरक में वीआईपी व्यवस्था भी जेल प्रशासन ही उपलब्ध करा रहा है। उल्लेखनीय है कि बलरामपुर जिले की नगर पंचायत तुलसीपुर के पूर्व अध्यक्ष फिरोज अहमद की हत्या की साजिश के आरोप में बसपा के पूर्व सांसद रिजवान जहीर इस वक्त ललितपुर जेल में बंद हैं। उनके खिलाफ यूपी पुलिस ने गैंगस्टर भी लगाया है। इस मामले में वे वर्ष 2022 से जिला कारागार ललितपुर में बंद है।

### श्रीराम-सीता की प्रतिमा स्थापना के साथ, श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन

लखनऊ। राजधानीलखनऊ के गोमतीनगर स्थित विशालखंड में श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान जी की प्रतिमा स्थापना से हुई। बजरंग रामायण समिति ने इस आयोजन का नेतृत्व किया। समिति के सदस्य प्रभु नाथ यादव, जगदंबा सिंह, राजेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, अमित सिंह, सतेंद्र यादव, धनंजय मिश्रा और राम निवाज शर्मा ने रामचरितमानस का पाठ किया। सभी सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। पाठ के दौरान राम नाम के जयकारे लगते रहे। आसपास के इलाके से सैकड़ों श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने रामकथा का श्रवण किया। श्रीरामचरितमानस पाठ के बाद भंडारे का आयोजन होगा। भंडारे में पूरी, सब्जी और हलवा का प्रसाद बांटा जाएगा। समिति सदस्य जितेंद्र यादव के अनुसार, यह वार्षिक आयोजन युवाओं को रामायण से जोड़ने और समाज में सद्भावना का संदेश फैलाने के लिए किया जाता है। कार्यक्रम का समापन आरती के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने परिवार और समाज की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की।

# इस बार योगी आदित्यनाथ के लिए बेहद खास होगा जन्मदिन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- इस दिन राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य अतिथि होंगे योगी
- मान्यता है कि इसी तिथि को हुई थी श्रीकृष्ण के द्वापर की शुरुआत



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए विश्व पर्यावरण दिवस हर वर्ष खास रहा है। वजह इसी दिन उनका जन्मदिन होना और पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति उनकी निजी रुचि तथा उनके किए जा रहे प्रयास हैं। इस बार का उनका जन्मदिन व पर्यावरण दिवस उनके लिए और खास होने वाला है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिशचंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि योगी आदित्यनाथ यूपी के मुख्यमंत्री के साथ गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। यह वही पीठ है जिसकी तीन पीढ़ियों ने करीब एक सदी तक राम मंदिर आंदोलन में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये पीढ़ियां हैं योगी के दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, उनके गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ और पीठ के उत्तराधिकारी एवं पीठाधीश्वर के रूप में वह खुद भी। देश और दुनिया के इतिहास में किसी एक मुद्दे पर एक ही शिद्दत से संघर्ष करने और उसे अंजाम तक पहुंचते हुए देखने वाला ऐसी पीढ़ियां खुद में अपवाद है। यही नहीं आज से करीब आठ साल पहले जब योगी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने तब भी जब मौका मिला, अयोध्या जाकर उन्होंने लोगों और संत समाज को यह संदेश दिया कि वह अयोध्या के हैं और अयोध्या के लोग उनके। सिर्फ संदेश ही नहीं दिया, अयोध्या की बेहतरी के लिए जो भी संभव हुआ वह दिया। राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद तो उन्होंने अयोध्या के कायाकल्प के लिए खजाने का मुंह ही खोल दिया। आज बदली अयोध्या इसका प्रमाण है। बदलाव का यह सिलसिला तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मंशा के अनुसार अपने बदले रूप में अयोध्या का शुमार धार्मिक लिहाज से दुनिया के सबसे खूबसूरत तीर्थस्थान के रूप में नहीं हो जाता। दरअसल इसी दिन अयोध्या स्थित राम मंदिर के राम दरबार सहित पूरक मंदिरों में अन्य देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। अपने जन्मदिन एवं पर्यावरण दिवस के नाते यह दिन उनके लिए यूं ही खास होता है। राम दरबार की स्थापना समारोह में मुख्य अतिथि होने के नाते यह और खास होने वाला है। यही नहीं मुहूर्त इसे और खास बना रहे है। मसलन यह कृष्ण के द्वापर युग की आरंभ तिथि है। पांच जून को ज्येष्ठ शुक्ल दशमी की तिथि है। यह मोक्षदायिनी, जीवनदायिनी, दुनिया के सबसे पुरानी सभ्यताओं का पालना रही भारतीय परंपरा में सबसे पवित्र एवं पूज्यनीय गंगा नदी के धरा पर अवतरण की भी तिथि है। उनका अवतरण सतयुग में हुआ था। इस तिथि पर गंगा दशहरा का आयोजन होता है। त्रेता में भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने के पूरे रामेश्वरम की स्थापना भी इसी तिथि पर की थी। इस तरह इस तिथि का विस्तार सभी युगों तक है। उल्लेखनीय है कि अपनी परंपरा में शुभ मुहूर्त का शुरू से ही बेहद महत्व रहा है। यहां तक कि जब भगवान श्रीराम ने अवतार लिया था तब भी शुभ मुहूर्त ही था, इस बारे में रामचरित मानस में तुलसी दास ने लिखा है, ''नौमी तिथि मधुमास पुनीता, सुकल पच्छ अभिजित हरिप्रीता। मध्य दिवस अति सीत न घामा, पावन काल लोक विश्रामा। मालूम हो कि राम मंदिर निर्माण के हर महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए शुभ मुहूर्त का चयन किया गया। मसलन पिछले 30 अप्रैल को जब निर्माण के बाद प्रतिमाओं को जयपुर से लाकर संबंधित मंदिरों में रखा गया, तब अक्षय तृतीया का दिन था। माना जाता है कि इस दिन कोई भी शुभ कार्य किया जा सकता है। इसी क्रम में पिछले साल 22 जनवरी को मंदिर के भूतल में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पौष शुक्ल द्वादशी को हुई थी। इसे भगवान विष्णु के कूर्मावतार की तिथि मानी जाती है। बतौर उत्तराधिकारी महंत अवैद्यनाथ के साथ दो दशक से लंबा समय गुजारने वाले उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी इस पूरे परिवेश की छाप पड़ी। बतौर सांसद उन्होंने अपने गुरु के सपने को स्वर्णिम आभा दी। मुख्यमंत्री होने के बावजूद अपनी पद की गरिमा का पूरा ख्याल रखते हुए कभी राम और रामनगरी से दूरी नहीं बनाई। गुरु के सपनों को अपना बना लिया। नतीजा सबके सामने है। उनके मुख्यमंत्री रहते हुए ही राम मंदिर के पक्ष में देश की शीर्ष अदालत का फैसला आया। देश और दुनिया के करोड़ों रामभक्तों, संतों, धर्माचार्यों की मंशा के अनुसार योगी की मौजूदगी में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन्मभूमि पर भव्य एवं दिव्य राम मंदिर की नींव रखी। युद्ध स्तर इसका जारी निर्माण अब पूर्णता की ओर है।

## मां ने बॉयफ्रेंड से बात करने से किया मना, बेटी ने 3 महीने तक तड़पाया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कृष्णानगर में 15 साल की लड़की ने इंस्टाग्राम पर पड़ोस के लड़के से बात करने के लिए तीन महीने तक अपनी ही मां को खाने में नींद की गोलियां देकर खूब तड़पाया। जब मां को इस बात का पता चला तो उसके होश ही उड़ गए। किशोरी की मां बुटीक चलाने के साथ ही घरों में खाना बनाने का काम करती हैं। पिछले कुछ महीनों से वह लगातार कमजोरी और गहरी नींद की समस्या से जूझ रही थीं। उन्हें यह समझ नहीं आ रहा था कि वह इतने दिनों से थकी-थकी और सुस्त महसूस क्यों महसूस कर रही हैं। जब्कि उन्होंने कोई दवा या कोई ऐसा पदार्थ नहीं लिया जिससे उन्हें थकान हो। जब उन्होंने डॉक्टर से अपने शरीर की जांच करवाई तो रिपोर्ट देखकर उनके होश ही उड़ गए। रिपोर्ट में सामने आया कि उनके द्वारा नींद की गोलियों का अत्यधिक सेवन किया गया है। रिपोर्ट देखकर महिला हैरान रह गईं क्योंकि उन्होंने ऐसी कोई दवा ली ही नहीं थी। डॉक्टर की रिपोर्ट के बाद जब घर में जांच शुरू हुई तो सच जानकर सभी दंग रह गए। किशोरी से सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह तीन महीने से अपनी मां के खाने में रोजाना नींद की गोलियां मिला रही थी। यह सब उसने इसलिए किया ताकि वह इंस्टाग्राम पर अपने पड़ोस के एक लड़के से देर रात तक बेधड़क बात कर सके। किशोरी की मां अर्चना सिंह ने बताया कि जिस लड़के से किशोरी इंस्टाग्राम पर बात कर रही थी, वह उसे गुमराह कर रहा था। वही उसे नींद की गोलियां लाकर देता था। पूरा मामला सामने आने के बाद किशोरी को लोकबंधु अस्पताल के वन स्टॉप सेंटर में काउंसलिंग के लिए ले जाया गया।

# खून देकर आप सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं एक परिवार को बचाते है: अंकित सिंह परमार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**हरदोई।** एक ही दिन मे 2 अलग अलग स्थानो पर मरीजो से खून का रिश्ता बनाया। ना ही कोई बैनर ना ही किसी का आर्थिक सहयोग, निश्वार्थ सेवाभाव रखने वाले हरदोई शहर मे जन्मे अंकित सिंह परमार अभी तक 1216 लोगो को ब्लड डोनेट कराकर खून का रिश्ता बना चुके है श्री परमार आर्थिक असक्षम लोगो की अपनी टीम के सहयोग से कई प्रकार की मदद कर रहे है चाहे बेटिओं की शादी हो, युवाओं की शिक्षा हो, मेडिकल चेकउप कैंप हो, धार्मिक कार्य हो, किसानों की समस्याएं आदि। दलेल नगर के रहने वाले धीरेन्द्र कुमार सिंह सरकारी अस्पताल हरदोई मे भर्ती थे डॉक्टर ने उन्हें 2 यूनिट ब्लड की तुरंत आवश्यकता बताई जिस पर उनके साले सर्वेश सिंह चंदेल ने समाजसेवी अंकित सिंह परमार से सम्पर्क किया श्री परमार ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए टीम के कुलदीप पाल बेहटा गोकुल और आशीष सिंह राजा आवास विकास कॉलोनी को सरकारी अस्पताल भेजा वो मरीज से मिले और हालचाल लिया और कुलदीप पाल ने तुरंत 1 यूनिट ब्लड दिया और 1 यूनिट विकाश सिंह ने ब्लड दिया दोनों ने मिलकर अवश्यकता पूरी की। वही दूसरी ओर लखनऊ के मेडिकल कॉलेज से आदर्श सिंह का कॉल आया उन्होंने बताया की वो मोहन एट गांव के रहने वाले है वो स्वयं मरीज है वही के डॉक्टर राजीव सिंह ने आपका नंबर दिया मुझे 2 यूनिट खून की सख्त जरुरत है डॉक्टर से बात कराई डॉक्टर ने बोला 12 घंटे के अंदर अगर व्यवस्था नही हुई तो मरीज की हालत गंभीर हो जाएगी जिस पर अंकित सिंह परमार ने बिग्रहा निवासी ध्यानू सिंह व शालू सिंह को लखनऊ भेजा उन्होंने तुरंत सम्पर्क किया और हॉस्पिटल जाकर मरीज से मिले व 2 यूनिट खून देकर मदद की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। श्री परमार ने बताया की जब तक देश का युवा क्या सही क्या गलत नहीं समझेगा देश तरक्की नहीं कर सकता आज कल युवा नशे की तरफ जा रहे है उनको सही दिशा सिर्फ परिवार,शिक्षक और उनके मित्र ही दिखा सकते श्री परमार ने बताया की उनसे जितना होता है वो युवाओं को प्रेरित करते है और सही दिशा दिखाने का प्रयत्न करते है और युवाओं को संदेश दिया यह देश मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का है हमारी नैतिक जिम्मेदारी है की हम महाराणा प्रताप, मंगल पाण्डेय, भगत सिंह जैसे बनकर के देश की ढाल बने और सनातन की विश्व मे अच्छी पहचान बनाए रखें जिससे देश का गौरव बढे।





# जलभराव से निपटने के लिए नगर पालिका ने कसी कमर

● बोर्ड की बैठक में पालिकाध्यक्ष ने नाली और नालों की समुचित सफाई के दिये थे निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**शाहाबाद (हरदोई)।** बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका ने अभी से ही इंतजाम करने शुरू कर दिए है।नगर पालिका के लगभग तीन दर्जन सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर शहर के सभी बड़े नालों व नालियों की साफ सफाई कराई जा रही है। बरसात के मौसम में नाले व नालियों की समुचित सफाई न होने के कारण कई स्थानों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी।इस समस्या को संज्ञान में लेकर नगरपालिका अध्यक्ष नसरीन बानो ने हाल ही में हुई बोर्ड की बैठक में बरसात से पहले सभी नालों की समुचित सफाई के निर्देश दिए थे और सफाई कार्य में लापरवाही पर कार्रवाई करने के संकेत दिए थे।उनके इस आदेश के बाद पालिका प्रशासन ने बरसात से पूर्व ही कस्बे के सभी नालों व नालियों की ठीक ढंग से साफ सफाई करवानी शुरू कर दी है।

रविवार को भी सफाई निरीक्षक दीपक कुमार ने घंटाघर के पास स्थित मुख्य नाले पर सफाई व्यवस्था के कार्य के लिए मौजूद सफाईकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के तीन दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारी इस अभियान में लगाए गए हैं और छोटी जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली, मैजिक आदि इस सफाई कार्य में लगाए गए है। नगर के विभिन्न नालों में सफाई कार्य को करवाया गया है। घंटाघर के पास से बासित नगर चौराहे की ओर जाने वाले नाले पर सफाई कार्य चल रहा है।बारिश में किसी भी मोहल्ले में जलभराव की स्थिति न पैदा हो इसके लिए पूरे प्रयास किए जा रहे है।



# कंप्यूटर प्रशिक्षुओं को वितरित किए प्रमाण पत्र



● प्रमाण पत्र पाकर प्रशिक्षुओं के खिले चेहरे

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**बेनीगंज/हरदोई।** नगर के ऑक्सफोर्ड कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओ को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रूपेश अंजना के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गए।इस दौरान प्रतिनिधि ने बच्चों का हौसला जारी करते हुए कहा कि कंप्यूटर एक ऐसा ज्ञान है जो की सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में इस ज्ञान की जरूरत होती है सभी प्रशिक्षुओ को प्रमाण पत्र वितरित कर उनको बधाइयां दी। कंप्यूटर सेंटर के प्रोपराइटर जैद अंसारी ने पत्रकारों क़ो कलम डायरी देकर सम्मानित किया कार्यक्रम के अंत मे आगंतुक़ो का स्वागत के साथ सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। पंद्रह प्रशिक्षुओ को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।इस अवसर पर रुपेश अंजाना, बुद्धसेन सोनी, नसीम अंसारी, डॉक्टर इसार, सरफराज मंसूरी, प्रदीप बैश्य, पुनीत मिश्रा सहित कंप्यूटर शिक्षक व कंप्यूटर प्रशिक्षु मौजूद रहे।

# सीएससी पहुंची सर्विलांस की टीम साफ सफाई अन्य सुविधाओं को देखकर हुए संतुष्ट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**शाहाबाद,हरदोई।** शासन के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद में जिला सर्विलांस अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉक्टर सुरेंद्र कुमार और जिला सर्विलास टीम से डॉक्टर सीबी सिंह, राजेश वर्मा द्वारा कोविड मॉर्कड्रिल करते हुए निरीक्षण किया गया.। निरीक्षण के दौरान शाहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर प्रवीण दीक्षित ने जांच टीम के साथ बारी-बारी से स्वास्थ्य संबंधी समस्त उपकरणों को सभी संबंधित अधिकारियों को उपकरण कार्य करते हुए दिखाए. जिन उपकरणों से मरीजों को स्वास्थ्य लाभ हो रहा था।जांच अधिकारी ने इलेक्ट्रिक मशीनों में प्रमुख रूप से ऑक्सीजन प्लांट को देखा और उससे मरीजों तक पहुंचने वाली सप्लाई को देखा जो प्रथम बेड से अंतिम बेड तक ऑक्सीजन सप्लाई अवाधगति से निरंतर ऑक्सीजन पहुंचती हुई पाई गई।इसके साथ ही ऑक्सीजन की शुद्धता को भी जांच टीम द्वारा परखा गया। जिससे संबंधित संतुष्ट नजर आए। इसके उपरांत जांच टीम ने एनबीएसयू सेंटर का निरीक्षण करते हुए जांच की. इसके साथ ही जांच टीम इमरजेंसी में पहुंचकर मरीजों से उनका हाल-चाल पूछा। जिससे मरीजों ने बेहतर इलाज होने की बात कही। . इसके साथ ही गर्मी में गर्म हवाओं से निपटने की स्थितियों की तैयारी को देखते हुए जांच टीम ने पाया की वार्ड में ऐसी चलता मिला और प्रत्येक कमरे में कूलर और गेट पर ठंडे पानी के कूलर चलते पाए गए। जिसे देखकर जांच टीम संतुष्ट नजर आई। . इस अवसर पर डॉ. सुरेंद कुमार, डॉ. सीबी सिंह, डॉ. राजेश वर्मा, शाहाबाद सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रवीण दीक्षित अपने समस्त सहयोगी डॉक्टर एवं स्टाफ व कर्मचारियों के साथ मौजूद रहे।



# धर्म एवं समर्पण की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना थी अहिल्या बाई होलकर: विभा

● समाज सेवी डाक्टर विभा सिंह को अहिल्या बाई होलकर स्मृति अभियान के तहत अहिल्या शौर्य सम्मान से सम्मानित किया गया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

**संडीला।** नगरपालिका सभागार में अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत अहिल्या शौर्य महिला सम्मेलन आयोजित किया गया । मुख्य वक्ता नगर की समाज सेवी डॉक्टर विभा सिंह मुख्यअतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा जी व विशिष्ट अतिथि के रूप में सण्डीला विधायक अलका सिंह अर्कवंशी रही डॉ विभा सिंह ने कहा कि राजमाता अहिल्या बाई होलकर धर्म न्याय और त्याग की प्रतिमूर्ति थी व महिला सशक्तीकरण की एक जीती जागती मिसाल भी थी इस कार्यक्रम में डॉक्टर विभा सिंह को मुख्यातिथि राजीव मिश्रा के द्वारा अहिल्या शौर्य पुरस्कार से सम्मानित किया व विधायिका अलका सिंह अर्कवंशी ने कई सफ़ाई महिला कर्मचारियों को भी रानी अहिल्या पुरस्कार से सम्मानित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष रमन नितीश जायसवाल के द्वारा की गई कार्यक्रम संयोजक छाया पाण्डेय, वरिष्ठ नेता सिद्ध प्रताप मौर्या , संतोष अस्थाना, अतुल तिवारी, राजेश अस्थाना, प्रदीप जायसवाल महेन्द्र सोनी, अमित कुमार शर्मा, महामंत्री ऋषभ खन्ना सौरभ गुप्ता, नरेश सिंह अर्कवंशी, अनुज सिंह, अर्पित गुप्ता, गोविन्दा अर्कवंशी सहित समूह की माताओं व गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# महिला के जेवर और नगदी पार कर चालक फरार


**शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के बस स्टैंड स्थित अचल बहुमुखी सेंटर पर हरदोई जाने के लिए वाहन के इंतजार में खड़ी महिला को इको कार चालक ने कार में बैठाकर उसके बैग से करीब ढाई लाख का जेवर और नगदी पार कर दिया और महिला को उतार कर चंपत हो गया। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को घटना की लिखित जानकारी दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य जानकारी के अनुसार वाहन चालक को तलाश कर रही है। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर निवासी पीड़िता मनोरमा गुप्ता पत्नी रामकृष्ण गुप्ता के अनुसार वह अपनी पुत्री अर्चना गुप्ता और बहन आशा गुप्ता के साथ हरदोई में बहन के यहां आयोजित कार्यक्रम में जाने के लिए दोपहर में गांव से टेपों से शाहाबाद आई और बस स्टैंड के निकट अचल बहुमुखी सेंटर के सामने वाहन के इंतजार में खड़ी हो गई। तभी एक इको चालक ने गाड़ी रोककर हरदोई जाने के लिए पूछा तो उसके हां करने पर चालक ने महिला और उसकी पुत्री को कार की अगली सीट पर बिठा दिया।उसकी बहन बीच वाली सीट पर बैठ गई। चालक ने उसका बैग भी बीच की सीट के नीचे रख दिया। कार में दो लोग पहले से सवार थे। चालक ने सीएनजी गैस कम होने की बात कहकर कार को शाहजहांपुर की तरफ मोड़ दिया। ब्लॉक चौराहे से चालक ने फिर गाड़ी मोड़कर डाक बंगले के सामने हरदोई न जाने की बात कहकर उन लोगों को वहीं उतार दिया। शक होने पर महिला ने बैग देखा दो उसके बैग में एक डिब्बी में रखी सोने की दो चेन,और एक जोड़ी सोने के झाले और 2, 700 रुपए की नगदी गायब थी। महिला ने रोते हुए कोतवाली आकर घटना के बारे में अवगत करवाया। लेकिन शाहाबाद पुलिस ने घटना की जानकारी होने के बाद भी तुरंत घटना स्थल जाना उचित नहीं समझा। पहले पीड़िता से लिखित तहरीर लिखवाई गई।

# वसीयत होने के वावजूद भी फर्जी तरीके से अपने नाम कराई जमीन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के मदनापुर गांव का मामला

**बेनीगंज/हरदोई।** जुम्मेदार अधिकारीयों द्वारा भृष्टाचार करने का सिलसिला लगातार जारी है।डबल इंजन की सरकार ऐसे बेलगाम अधिकारियो पर लगातार सिकंजा कसते हुए नजर आकर बराबर कार्यवाही करती रहती है। लेकिन ऐसे भृष्ट कर्मचारी अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे है। हम बात कर रहे है। जनपद हरदोई के तहसील संडीला विकास खंड कोथावा व थाना बेनीगंज के ग्राम मदनापुर की जहा 2003 मे वसीयत हो जाने के वावजूद भी भृष्ट कर्मचारयों द्वारा बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के मदनापुर निवासी सुलखे, दशरथ, मुंशीलाल, रामप्रशाद को बिना बुलाये बिना जानकारी दिए फर्जी तरीके से वसीयत विकास खंड कोथावा के वंशी पारा निवासी रामदुलारे पुत्र स्व रामु के नाम करवा दी। बताया जाता है। कि रामदुलारे ने मदनापुर गांव की सम्पति लेने के चलते इसने अपने बाप की जगह अपने फूफा भूप पुत्र गोकुल को अपना बाप बनाकर रहने लगा था।एक लड़के के दो बाप होना यह कैसे हो सकता है। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के मदनापुर निवासी सुलखे पुत्र पुखई, दशरथ,मुंशीलाल व् रामप्रसाद पुत्रगण बेचन ने जिलाअधिकारी को दी शिकायत मे बताया कि विपक्षी रामदुलारे पुत्र स्व रामू उम्र 50 वर्ष निवासी वंशीपारा पोस्ट कल्यानमन विकास खंड कोथावां थाना बेनीगंज तहसील संडीला जनपद हरदोई अपने फूफा स्व भूप पुत्र स्व गोकुल के यहाँ छोटे पर से रहने लगे थे!भूप चार भाई क्रमश;(1) बेच्चा (2) पोखई (2) खूबलाल ( 4) भूप थे,खुबलाल की



शादी नहीं हुई थी, बेच्चा के लड़के दशरथ, मुंशीलाल, रामप्रशाद व् पोखई के लड़के सूलखे है!भूप के संतान न होने के चलते अपने हिस्से की जमीन अपने साले के लड़के राम दुलारे पुत्र स्व रामू उम्र 50 वर्ष की पत्नी तारावती निवासी ग्राम मदनापुर पोस्ट अतिया साहपुर विकास खंड कोथावां थाना बेनीगंज तहसील संडीला जनपद के नाम कर दी थी!भूप के भाई खुबलाल ने अपने हिस्से की जमीन को पुखई के लड़के सुलखे व् बेचन के लड़के दशरथ,मुशीलाल व् रामप्रसाद को वरासत 2003 में कर गए थे! इधर राम दुलारे पुत्र स्व रामू उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम निवासी वंशीपारा पोस्ट कल्यानमन विकास खंड कोथावां थाना बेनीगंज तहसील संडीला जनपद हरदोई ने अपने पिता रामू का नाम हटाकर भूप रखकर ग्राम प्रधान व् ग्राम विकास अधिकारी की मिलीभगत से परिवार रजिस्टर में अपना नाम अंकित कराकर दस्तावेज राम दुलारे पुत्र स्व भूप उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम मदनापुर पोस्ट अतिया साहपुर विकास खंड कोथावां थाना बेनीगंज तहसील संडीला जनपद हरदोई बनवाकर फर्जी तरीके से वाद संख्या ञ 202210330401866 तहसील संडीला में दायर कर मुकदमा चलवा दिया !जिसकी भनक प्रतिवादी ने किसी को न होने दी! खुबलाल की जमीन भौमिक अधिकार प्रारम्भ होने का वर्ष 1399 फ खाते के प्रत्येक गाटे की खसरा संख्या 306 प्रत्येक गाटे का क्षेत्रफल 0.6620 पर आदेश करवाकर फर्जी में जमीन अपने नाम करवा लिया !महोदय 2022 के पहले हम लोगो ने जमीन में फसल उगाई थी !2022 में मै जब अपने खेत पर गया !तो प्रतिवादी ने फर्जी वसीयत दिखाकर हम लोगो को भगा दिया !महोदय मेरे साथ सरासर गलत हुआ है! महोदय विपक्षी 1;-रामदुलारे पुत्र स्व रामू उम्र 50 वर्ष निवासी वंशीपारा पोस्ट कल्यानमन विकास खंड कोथावां थाना बेनीगंज तहसील संडीला जनपद हरदोई उर्फ़ 2;- राम दुलारे पुत्र स्व भूप उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम मदनापुर पोस्ट अतिया साहपुर विकास खंड कोथावां थाना बेनीगंज तहसील संडीला जनपद हरदोई रामदुलारे के दो बाप कैसे हो सकते है! इसकी प्रति आपको स्लगन फ़ाइल के माध्यम से की जा रही है! उस फ़ाइल में देखा जा सकता है! कि विपक्षी रामदुलारे व् रामप्रसाद दो भाई थे !इनके कई चक बंशीपारा में है।

## चंदूपुर खैराई में आबकारी टीम ने दबिश देकर पकड़ी कच्ची शराब, बड़ी मात्रा में लहन किया नष्ट

**शाहाबाद, हरदोई।** कच्ची शराब के उत्पादन और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शाहाबाद आबकारी टीम ने बेहटा गोकुल क्षेत्र के चंदूपुर खैराई में दबिश देकर कच्ची शराब पकड़ी और बड़ी मात्रा में लहन को मौके पर नष्ट किया। इस दौरान कच्ची शराब के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र संख्या 2 आनंद कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आबकारी टीम ने रविवार को बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के चंदूपुर खराई में आकस्मिक दबिश दी। दबिश के दौरान आबकारी टीम ने कच्ची शराब और बड़ी मात्रा में लहन बरामद किया। टीम ने कच्ची शराब को कब्जे में लेकर करीब 3 क्विंटल लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया, आबकारी टीम की इस कार्रवाई से अवैध कच्ची शराब के कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। आबकारी निरीक्षक आनंद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि शासन एवं प्रशासन के निर्देशानुसार यह कार्रवाई की गई है, क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के कारोबार को पनपने नहीं दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हरदोई में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू, 135 ग्राम पंचायतों में किसानों को मिल रही आधुनिक खेती की जानकारी



**हरदोई।** 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान- 2025 चल रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रयोगशाला से खेत तक की अवधारणा को साकार करना है। जनपद की 135 ग्राम पंचायतों में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराया जा रहा है। 1 जून को विकासखंड सण्डीला के ग्राम लूगामऊ में उत्तर प्रदेश के कृषि निदेशक जितेन्द्र कुमार तोमर ने किसानों से संवाद किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन रोधी कृषि पद्धतियों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में केवीके की टीमों ने विभिन्न गांवों में किसानों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण दिया। सण्डीला और शाहाबाद ब्लॉक के कई गांवों में विशेषज्ञों ने किसानों का मार्गदर्शन किया। इन कार्यक्रमों में 1713 पुरुष और 607 महिला किसानों ने हिस्सा लिया। अभियान में पशुपालन, उद्यान, गन्ना और मत्स्य पालन जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। धान की डीएसआर विधि, सहफसली खेती और उर्द-मूंग की खेती से अतिरिक्त आय के बारे में बताया गया। जैविक उर्वरकों और नैनो यूरिया के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक घनश्याम वर्मा, सतीश कुमार, जिला कृषि अधिकारी सतीश चंद्र पाठक और कृषि रक्षा अधिकारी विनीत कुमार शुक्ला समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। नोडल वैज्ञानिक डॉ. संजय अरोरा, डॉ. चंद्रशेखर सिंह और डॉ. अर्जुन सिंह ने भी तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया।

### जिले का होगा कायाकल्प कड़ी धुप मे जिलाधिकारी ने किया विभिन्न स्थानों का निरीक्षण



**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने आज नगर पालिका हरदोई के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी सबसे पहले शहीद उद्यान पहुँचे। यहाँ उन्होंने नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रामेन्द्र सिंह को निर्देश दिए कि उद्यान का सौंदर्यीकरण कराया जाये उन्होंने नगर पालिका के सभागार को भी देखा। यहाँ से वह विक्टोरिया हॉल पहुँचे। उन्होंने बिलियर्ड्स, टेनिस कोर्ट, प्तबैडमिंटन कोर्ट देखा। उन्होंने कहा कि परिसर में एक पुस्तकालय की स्थापना की जाये। एक फूड कोर्ट की स्थापना करायी जाये। जूडो व कराटे सिखाने की व्यवस्था की जाये परिसर में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाये। परिसर के खेल सुविधाओं का प्रयोग अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं के आयोजन में किया जाये। विक्टोरिया हॉल की आय बढ़ाने के गंभीरता से प्रयास किये जाएं। विक्टोरिया हॉल से वह गाँधी सभागार पहुँचे। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी को निर्देश दिया कि परिसर में सुविधाओं का विस्तार किया जाये। हॉल का सौंदर्यीकरण कराया जाये। इसके बाद उन्होंने सोल्जर बोर्ड चौराहे को देखा। उन्होंने कहा कि चौराहे का अतिक्रमण हटाया जाये। विद्युत पोलों को व्यवस्थित कराया जाये। सोल्जर बोर्ड चौराहे के बाद वह लखनऊ चुंगी पहुँचे। उन्होंने निर्देश दिया कि चौराहे की ट्रैफिक लाइट को ठीक कराया जाये अन्त में उन्होंने प्तडीएमद्धचौराहे को देखा उन्होंने निर्देश दिया कि चौराहे के आस पास अनुपयोगी पोलों को हटाया जाये। अतिक्रमण हटाया जाये।

### मारपीट कर घायल करने वाले भाई पर रिपोर्ट

**शाहाबाद हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम बेहटा धीरा में भाई को मारपीट कर घायल कर देने के मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी भाई के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़िता रामरती पत्नी बालेस्टर मिश्रा के अनुसार 28 मई की शाम को वह घर पर थी।उसका देवर निरदोष पुत्र रामरतन मिश्रा ने उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज किया।उसके पति ने गाली देने से मना किया तो आरोपी ने डंडे से मारपीट कर उसे घायल कर दिया।सबके कहने पर विपक्षी ने उसके पति का इलाज करवाने के लिए हां की थी।अब वह साफ मना कर रहा है। पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी और उसकी भांजी को मारपीट कर घायल किया

**शाहाबाद हरदोई।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम सरहेजू में पत्नी और उसकी बहन की पुत्री को मारपीट कर घायल करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पिहानी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है।पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की है। पीड़िता रामदेवी पत्नी कन्हैया के अनुसार उसका पति शराब पीता है और उसे मारता पीटता है।उसकी तीन छोटी पुत्रियां हैं।उसकी बहन की पुत्री लक्ष्मी इस समय उसके पास रह रही थी।30 मई की शाम को 7 बजे विपक्षी पति उसके भाई छोटू और पिता कमलेश ने घर का दरवाजा बंद कर बेल्टों और बेलचों से उसे और उसकी बहन की पुत्री को बुरी तरह मारपीटा किसी तरह उन दोनों ने पड़ोसी के घर में घुसकर अपनी जान बचाई। पड़ोसी ने उसे छत के रास्ते उतार कर बाहर निकाला उसने 112 पर काल की पुलिस उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गई लेकिन उसका इलाज नहीं किया गया। उसका एक पैर टूट गया है।उसकी बहन की पुत्री का एक हाथ टूट गया है। पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भिजवाया।पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### हरियावां के धोबिया आश्रम में प्लास्टिक से बढ़ा वनस्पति संकट, 15 जून को पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम, आरएसएस करेगा श्रमदान का आयोजन

हरदोई। धोबिया आश्रम में पर्यटकों द्वारा फेंकी जा रही प्लास्टिक और कचरे से वनस्पति को खतरा उत्पन्न हो गया है। यह स्थिति आश्रम की प्राकृतिक सुंदरता और संस्कृति के लिए चिंताजनक है। इस समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और पर्यावरण विभाग ने एक पहल की है। 15 जून, रविवार को सुबह 10 बजे से पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हरियावां खंड के आरएसएस पर्यावरण प्रमुख नन्द किशोर ने स्थानीय निवासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लें। सभी प्रतिभागी 15 मिनट का श्रमदान कर आश्रम को प्लास्टिक मुक्त बनाने में योगदान दे सकते हैं।

## महंगी पड़ेगी सुस्ती

निस्संदेह, राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ी सुरक्षा उत्पादों की आपूर्ति में किसी भी लेट-लतीफी को बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए। खासकर ऐसे वक्त में जब देश की दो तरफ की सीमाओं पर सुरक्षा चुनौतियां बरकरार हैं। इसी आलोक में एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह की चिंताओं से सहमत हुआ जा सकता है। हाल ही में उन्होंने कहा था कि मेरे ख्याल से एक भी परियोजना तय सीमा पर पूरी नहीं होती है। निस्संदेह, यह कथन देश की स्वदेशी उत्पादों की रक्षा तैयारियों में विलंब की प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है। देश के नेताओं का स्वदेशी सुरक्षा उत्पादों की जरूरत पर बल देना निस्संदेह, सराहनीय कदम है, लेकिन सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर उनकी समय पर आपूर्ति भी सुनिश्चित करने की जरूरत है। खासकर तेजस लड़ाकू विमान व आकाश मिसाइल प्रणाली, के बावजूद लगातार होने वाली देरी परिचालन तत्परता को बाधित करती है। निस्संदेह, लेट-लतीफी की यह प्रवृत्ति आधुनिकीकरण को पटरी से भी उतार सकती है। दरअसल, यह देरी, जो अकसर अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के चरण में ही स्वीकार कर ली जाती है, कालांतर प्रणालीगत जड़ता और अति-वायदे की संस्कृति को ही उजागर करती है। हमारे पड़ोसी देशों में तेजी से होते सैन्य आधुनिकीकरण और युद्ध तैयारियों में गहन तकनीक के इस्तेमाल होने के चलते, हमें इस सुस्ती की बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। निर्विवाद रूप से यह महज बजट या नौकरशाही की लालफीताशाही का मामला भर नहीं है। वास्तव में यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा एक बेहद संवेदनशील विषय है। निस्संदेह, सरकार की ओर से घेरलू रक्षा उत्पादकता को बढ़ावा देने की पहल एक स्वागत योग्य कदम है। विगत के संकटकाल के दौरान देखने में आया है कि युद्ध व चुनौतिपूर्ण स्थितियों में हम विदेशों में अपनी जरूरत का सामान तलाशते रहे हैं। कई देशों ने मुश्किल वक्त में सामान की आपूर्ति में ना-नुकुर भी की है। कारगिल युद्ध के समय भी कुछ ऐसे अनुभव देखने में आए थे।

**देश के नेताओं का स्वदेशी सुरक्षा उत्पादों की जरूरत पर बल देना निस्संदेह, सराहनीय कदम है, लेकिन सुरक्षा चुनौतियों के मद्देनजर उनकी समय पर आपूर्ति भी सुनिश्चित करने की जरूरत है। खासकर तेजस लड़ाकू विमान व आकाश मिसाइल प्रणाली, के बावजूद लगातार होने वाली देरी परिचालन तत्परता को बाधित करती है। निस्संदेह, लेट-लतीफी की यह प्रवृत्ति आधुनिकीकरण को पटरी से भी उतार सकती है। दरअसल, यह देरी, जो अकसर अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के चरण में ही स्वीकार कर ली जाती है, कालांतर प्रणालीगत जड़ता और अति-वायदे की संस्कृति को ही उजागर करती है।**

राजग सरकार का घरेलू रक्षा उत्पादन की तरफ बढ़ाया गया कदम निस्संदेह सराहनीय है। यह उत्साहजनक है कि हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन कुल रक्षा जरूरतों का 65 प्रतिशत हो गया है, रक्षा निर्यात 24,000 करोड़ रुपये तक बढ़ गया है। साथ ही सार्वजनिक-निजी उत्पादन का संतुलन धीरे-धीरे पक्ष में जा रहा है। वहीं आईडीईएक्स जैसी योजनाएं नवाचार को बढ़ावा दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि अब निजी क्षेत्र कुल रक्षा उत्पादन में 21 फीसदी का योगदान दे रहा है। लेकिन जब जरूरी रक्षा उत्पादों की आपूर्ति समय पर नहीं हो पाती, तो यह हमारी रणनीतिक स्वायत्तता के लिये असहज स्थिति पैदा कर देती है। दरअसल, यह स्थिति इस घेरलु उद्योग की संरचनात्मक विसंगतियों को दूर करने की जरूरत बताती है। इस दिशा में ध्यान देने की महती जरूरत है कि कच्चे माल की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही शोध व अनुसंधान तथा विकास के लिये पर्याप्त आर्थिक संसाधन समय रहते उपलब्ध कराए जाएं। यह दृष्टव्य है कि देश के 6.81 लाख करोड़ रुपये के रक्षा बजट में मात्र 1.8 लाख करोड़ रुपये की राशि आधुनिकीकरण के लिए निर्धारित की गई है। उसमें शोध-अनुसंधान व विकास के लिये निर्धारित राशि आधुनिकीकरण के बजट में 3.94 फीसदी ही है। निश्चित रूप से जब तक इस वित्तीय संसाधनों के संतुलन को दुरुस्त नहीं किया जाता, तब तक हम समय की चुनौती का मुकाबला करने में सक्षम नहीं हो पाएंगे। निस्संदेह, देश के रक्षा क्षेत्र के तीन सार्वजनिक उपक्रमों यानी डीपीएसयू को 'मिनी रत्न' घोषित करना स्वागत योग्य कदम है। लेकिन वायुसेना प्रमुख की चेतावनी को रक्षा खरीद पारिस्थितिकी तंत्र में आमूल-चूल परिवर्तन के लिये आग्रह के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके लिये जरूरी है कि समय सीमा में पारदर्शिता, अनुबंधों के सख्ती से क्रियान्वयन और महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के प्रबंधन में गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जाए। निश्चित रूप से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के भारत के संकल्प को विलंबित नहीं किया जा सकता। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े उपक्रमों को गति देने की आवश्यकता है। इसमें लेट-लतीफी की कोई जगह नहीं हो सकती।

# आतंकवाद और पीओके पर सरकार का स्पष्ट व कड़ा संदेश

मृत्युंजय दीक्षित

**ऑपरेशन सिंदूर के मध्य जब अचानक संघर्ष विराम का समाचार आया तो देश के एक बहुत बड़े वर्ग में चिंता व निराशा के भाव जागृत हो गये थे। विरोधी दलों के तथाकथित नेताओं ने इसे मोदी सरकार को घेरने का अवसर मान लिया था किंतु जैसे ही प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित किया जनता का उत्साह वापस आ गया और विरोधी हाथ मलते रह गए। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो नीति अपनाई गई है उससे पाकिस्तान में भय तथा भ्रम की स्थिति है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और सिन्धु जल समझौते को लेकर जो रणनीति बनाई जा रही है उससे भारत के अंदर बैठे पाकिस्तानी पैरोकारों के पैरों तले जमीन खिसकती हुई दिखाई दे रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की जनसभाओं में अपार जनसमूह उमड़ रहा है फिर चाहे वो गुजरात हो या सिक्किम, बिहार हो या बंगाल या फिर उत्तर प्रदेश। प्रधानमंत्री मोदी जनमानस को संबोधित करते हुए रौद्र रूप में हैं और पकिस्तान के साथ साथ चीन और बांग्लादेश को भी स्पष्ट सन्देश दे रहे हैं।**

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नौ आतंकी बेस नष्ट होने पर पाकिस्तान बौखला गया। उसने आतंकवादियों पर हमले को पाकिस्तान पर हमला माना और बदला लेने के लिए अपने अमेरिकी, चीनी और तुर्की हथियारों से भारत पर हमला बोल दिया। भारत के स्वदेशी आयुधों ने पाकिस्तान को न केवल धूल चटा दी वरन उसके 11 हवाई बेस बुरी तरह से ध्वस्त कर दिए । पलटवार में मुंह की खाने पर पाकिस्तान घुटनों पर आ गया, उसके गुहार लगाने पर भारत ने पाक के सैन्य ठिकानों पर कार्यवाई कुछ समय के लिए स्थगित कर दी। इस बीच भारत ने अपने सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को विश्व के प्रमुख देशों में भारत का पक्ष रखने भेज दिया। ये प्रतिनिधि मंडल पूरे विश्व में आतंकवाद के विरुद्ध और भारत के पक्ष में वातावरण बना रहे हैं । इधर भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह व सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों ने अपने अगले लक्ष्य पर काम आरम्भ कर दिया है। शीर्ष राजनैतिक और सामरिक नेतृत्व आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई को अंतिम चरण तक ले जाने के संकेत दे रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के मध्य जब अचानक संघर्ष विराम का समाचार आया तो देश के एक बहुत बड़े वर्ग में चिंता व निराशा के भाव जागृत हो गये थे। विरोधी दलों के तथाकथित नेताओं ने इसे मोदी सरकार को घेरने का अवसर मान लिया था किंतु जैसे ही प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित किया जनता का उत्साह वापस आ गया और विरोधी हाथ मलते रह गए। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो नीति अपनाई गई है उससे पाकिस्तान में भय तथा भ्रम की स्थिति है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और सिन्धु जल समझौते को लेकर जो रणनीति बनाई जा रही है उससे भारत के अंदर बैठे पाकिस्तानी पैरोकारों के पैरों तले जमीन खिसकती हुई दिखाई दे रही है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की जनसभाओं में अपार जनसमूह उमड़ रहा है फिर चाहे वो गुजरात हो या सिक्किम, बिहार हो या बंगाल या फिर उत्तर प्रदेश। प्रधानमंत्री मोदी जनमानस को संबोधित करते हुए रौद्र रूप में हैं और पकिस्तान के साथ साथ चीन और बांग्लादेश को भी स्पष्ट सन्देश दे रहे हैं । प्रधानमंत्री मोदी की जनसभाओं से राष्ट्रवाद की बयार बहती हुई दिख रही है, जनता में तिरंगा हाथ में लेकर उत्साह दिखा रही है। प्रधानमंत्री अपनी जनसभाओं में स्पष्ट कर चुके हैं कि,ल्ल शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो लेकिन अगर एक कंाटा चुभता है तो पूरा शरीर परेशान रहता है। अतः हमने तय कर लिया है कि उस कंाटे को निकाल के रहेंगे। प्रधनमंत्री ने कहा कि भारत ने तीन बार पाकिस्तान को युद्ध में धूल चटाई है वह हमसे सीधा युद्ध कभी नहीं जीत सकता। वह बार -बार कह रहे हैं कि पाकिस्तान धोखे में न रहे अगर पाकिस्तान ने अब कोई गलती की तो उसे बहुत भारी से भारी कीमत चुकानी ही पड़ेगी। प्रधानमंत्री स्पष्ट कर रहे हैं अब पाकिस्तान के साथ कोई वार्ता होगी तो केवल और केवल पाक अधिकृत कश्मीर की वापसी और आतंकवाद के मुद्दे पर ही होगी। अब सिंधु नदी का जल और खून एक साथ नहीं बहेगा। प्रधानमंत्री मोदी विदेशी सामान के बहिष्कार की भी अपील कर रहे हैं। आपरेशन सिंदूर सिर्फ सेनाओं की नहीं नहीं अपितु जनभागीदीरी की भी आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि अगर देश को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थवयवस्था बनाना है तो विदेशी सामानों का पूरी तरह से बहिष्कार होगा। प्रधानमंत्री की यह अपील अत्यंत महत्व की है अगर भारतीय जनमानस पूरी तरह से लोकल फॉर वोकल को अपना लेता है तो उससे उन सभी देशों की अर्थव्यवस्था को चरमराते देर नहीं लगेगी जो भारत को आंख दिखाते रहते हैं। अगर भारतीय समाज विदेशी समान का बहिष्कार प्रारम्भ कर देगा तो चीन सहित कई बाजार हिल जाएंगे। उधर आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के स्वदेशी सैन्य उपकरणों तथा हथियारों ने चीन व तुर्किए सहित अमेरिका के सैन्य उपकरणों की पोल खोल दी। इसके बाद चीन के रक्षा उपकरणों की मांग में गिरावट दर्ज की गई है जबकि भारत विश्व के रक्षा बाजार में ऊंची छलांग लगाने को तैयार है। भारत में रक्षा अनुसन्धान का तेजी से विकास किया जा रहा है, स्वदेश कावेरी इंजन शीघ्र ही उड़न के लिए जांचा जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी पूरे जोश में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने भी स्पष्ट रूप से कहा कि अगर पाकिस्तान को भारत से कोई वार्ता करनी है तो पहले वह हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे खूंखार आतंकियों को भारत के हवाले करे, अपने यहाँ चल रही आतंक की नर्सरी को नष्ट करे और पाक अधिकृत कश्मीर को खाली कर दे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पाकिस्तान के कब्जे वाला पीओके भारत का अभिन्न हिस्सा है। वह दिन दूर नहीं जब पीओके लौटकर कहेगा मैं भारत का ही हूं, मैं वापस आया हूं। भौगोलिक और राजनैतिक रूप से अलग हुए वहां के लोग स्वेच्छा से मुख्यधारा में लौटेंगे। आईएनएस विक्रात में सेना के जवानों का हौसला बढ़ाते हुए रक्षा मंत्री ने एक छुपा हुआ संदेश भी दिया कि अगली कार्रवाई हो सकता है कि नेवी की ओर से हो और अगर ऐसा हुआ तो उसके क्या गंभीर परिणाम हो सकते हैं यह बात पाकिस्तान को समझ में आनी चाहिए कि अगर अब उसने कोई गलती की तो उसके चार टुकड़े तक हो सकते हैं। भारत की मांग साफ़ है - पाकिस्तान अपनी जमीन पर चल रही आतंकवाद की नर्सरी को अपने हाथों से उखाड़ फेंके।आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति एकदम स्पष्ट है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ऐसा पहली बार हुआ कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी रणनीतिकार इतने खुलकर आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की बात इतनी मुखरता से कर रहे हैं। पहले भारत हर समय विस्फोटों और आतंकी हमलों के डर में जीता था आज आतंकी डरे हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य प्रतिक्रिया या नारा नहीं रह गया है अपितु नये भारत का नया दर्शन बन चुका है।विकसित भारत का नया संकल्प ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत ही साधा जायेगा। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का एक नया स्वरूप आकार ले रहा है।

# पक्षी विलुप्त नहीं हुए, गांव में जाकर देखिए

प्रियंका सौरभ

**शहर में रहते हुए पक्षियों की पहचान ही सीमित हो जाती है। कौआ, कबूतर, तोते और कभी-कभार गौरैया-बस यही दिखाई देते हैं। लेकिन यहां गांव में जैसे किसी भूली-बिसरी किताब के पन्ने फिर से खुल गए हों। मेरी बालकनी के सामने ही एक पेड़ है, जिस पर सुबह-सुबह मैना और बुलबुल आती हैं। दूर खेतों में मोर नाचते हैं और उनकी कूक जैसे किसी पारंपरिक संगीत का हिस्सा हो। नीलकंठ की एक झलक भी दिखती है और वो नीला रंग आंखों को ताजगी देता है। टिटहरी की टिट-टिट, जलमुर्गी की फुर्ती, कोयल की कुहू-कुहू, और तीतर की दौड़-ये सब मिलकर एक ऐसी सजीव दुनिया रचते हैं जिसे शहरों में हमने कभी ठीक से जाना ही नहीं। शहरों की भीड़ में रहते हुए हम जैसे संवेदना शून्य होते चले जाते हैं। वहां सुबह मोबाइल अलार्म से होती है, यहां मुर्गे की बांग से। वहां हवा एसी की होती है, यहां आम के पेड़ की।**

शहर की चमचमाती सड़कों, ऊंची इमारतों और बंद खिड़कियों के पीछे जब हम जीवन को व्यस्तताओं की कैद में जी रहे होते हैं, तब कहीं दूर गांवों की बालकनी में जीवन अब भी खुले आकाश के नीचे सांस ले रहा होता है। वहां सुबहें अब भी चिड़ियों की चहचहाहट से शुरू होती हैं, दोपहरें कोयल की तान से सजी होती हैं, और रातें उल्लुओं की टेर में गूंजती हैं। यह एक गांव की बालकनी में बैठकर महसूस किया गया जीवन है। हाल ही में गांव जाना हुआ तो एक शाम अपनी बालकनी में बैठी थी- अचानक एक चिड़िया ने ध्यान खींचा। वो जानी-पहचानी सी लगी। भूरे और सफ़ेद रंग की, फुर्तीली और बेहद चंचल। उसे देखते ही जैसे मन के किसी कोने से आवाज आई-''धौरईया!'' हां, यही तो कहते थे हम बच्चे जब नानी के घर आया करते थे। गर्मियों की छुट्टियों में जब पूरा कुनबा गांव में इकट्ठा होता तो आंगन में बैठकर हम सब बच्चे इन्हीं चिड़ियों के पीछे भागते। उन्हें दाना डालते और उनके नामों पर बहस करते। ''ये गौरैया नहीं, धौरईया है,'' मेरा चचेरा भाई अकड़कर कहता। शहर में रहते हुए पक्षियों की पहचान ही सीमित हो जाती है। कौआ, कबूतर, तोते और कभी-कभार गौरैया-बस यही दिखाई देते हैं। लेकिन यहां गांव में जैसे किसी भूली-बिसरी किताब के पन्ने फिर से खुल गए हों। मेरी बालकनी के सामने ही एक पेड़ है, जिस पर सुबह-सुबह मैना और बुलबुल आती हैं। दूर खेतों में मोर नाचते हैं और उनकी कूक जैसे किसी पारंपरिक संगीत का हिस्सा हो। नीलकंठ की एक झलक भी दिखती है और वो नीला रंग आंखों को ताजगी देता है। टिटहरी की टिट-टिट, जलमुर्गी की फुर्ती, कोयल की कुहू-कुहू, और तीतर की दौड़-ये सब मिलकर एक ऐसी सजीव दुनिया रचते हैं जिसे शहरों में हमने कभी ठीक से जाना ही नहीं। शहरों की भीड़ में रहते हुए हम जैसे संवेदना शून्य होते चले जाते हैं। वहां सुबह मोबाइल अलार्म से होती है, यहां मुर्गे की बांग से। वहां हवा एसी की होती है, यहां आम के पेड़ की। वहां आसमान धुंध से भरा होता है, यहां पक्षियों की उड़ान से। रात के सन्नाटे में जब गांव में दो उल्लू नियमित रूप से आकर एक पुराने नीम के पेड़ पर बैठते हैं, तो एक अलग ही एहसास होता है। शहर में उल्लू शब्द एक अपमान या अंधविश्वास से जुड़ा होता है, लेकिन यहां वो जैसे रात के शिक्षक हों-प्रकृति का संतुलन बनाए रखने वाले मौन प्रहरी। जब मैंने अपनी नानी से पूछा कि इस चिड़िया को धौरईया ही कहते थे न, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए सिर हिलाया, ''हां बिटिया, यही तो है। अब ये शहरों में कहां दिखती है। तुम लोग ही कहां रहते हो वहां, जो देख पाओगे।'' इस बात ने भीतर तक झकझोर दिया। क्या सचमुच ये पक्षी विलुप्त हो रहे हैं, या हम ही उन जगहों से विलुप्त हो गए हैं जहां जीवन और प्रकृति एकसाथ सांस लेते हैं? गांव की यह बालकनी एक खिड़की बन गई थी-केवल बाहर देखने की नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने की। मुझे याद आने लगीं नानी की कहानियां। वो दोपहरें-जब पेड़ की छांव में बैठकर चिड़ियों के घोंसलों को निहारा करते थे। वो मटर के खेत जिनमें तीतर भागते थे, और वो पोखर जहां जलमुर्गियां अपने बच्चों के साथ तैरती थीं। हमारी पीढ़ी ने मोबाइल की स्क्रीन पर बर्ड इमोजी तो देखी, लेकिन उनके असली रंग नहीं। हमने गूगल पर बर्ड कॉल्स सुने, लेकिन कभी खुले आसमान के नीचे बैठकर चिड़ियों की सुबह की सभा नहीं देखी। गांव आकर यह एहसास हुआ कि जीवन की भागदौड़ में हमने वो सब पीछे छोड़ दिया है, जिसे देखकर हमारी आत्मा मुस्कुराया करती थी। पक्षी केवल उड़ने वाले प्राणी नहीं हैं, वो हमारे अतीत के हिस्से हैं। हमारे लोकगीतों, कहानियों, और भावनाओं में बसे हुए साथी हैं। ''कागा सब तन खाइयो, चून-चून खइयो मांस''-कबीर के इस दोहे से लेकर मीराबाई की कोयल और तुलसी की चातक तक, हर पक्षी हमारी संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा रहा है। मुझे याद है जब पहली बार शहर आई थी, तो सोचती थी कि वहां की चकाचौंध ही जीवन का लक्ष्य है। लेकिन अब समझ में आता है कि रोशनी जरूरी है पर हर रोशनी सूरज नहीं होती। कुछ रोशनियां ऐसी भी होती हैं जो आंखों को चौंधिया देती हैं, पर मन को अंधेरा कर देती हैं। गांव की इस बालकनी में बैठे-बैठे एक नन्ही सी चिड़िया बार-बार आती है, कुछ पल बैठती है, फिर उड़ जाती है। उसे देखकर लगता है जैसे वो मेरी स्मृतियों में पंख लगा रही हो। हर बार जब वो उड़ती है, एक पुरानी याद हवा में तैर जाती है। हम प्रकृति से जितना दूर होते जा रहे हैं, उतना ही खालीपन हमारे भीतर बढ़ता जा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक दूरी तक। आधुनिक जीवन के संकटों का एक बहुत बड़ा कारण यह भी है कि हम जमीन से, पेड़ों से, पक्षियों से और अपने मूल से कटते जा रहे हैं। यह लेख एक आग्रह है-खुद से, और आप सबसे भी। गांवों में जाइए, खुली हवा में सांस लीजिए, चिड़ियों की आवाज पहचानिए। बच्चों को उनके नाम सिखाइए और महसूस कीजिए कि जीवन केवल इनसानी शोर में नहीं, चहचहाहट में भी होता है। शहर हमें ऊंचाई देता है, पर गांव गहराई देता है। शहर विकास की दौड़ है, गांव विरासत की गोद। और सबसे जरूरी बात-ये पक्षी विलुप्त नहीं हुए हैं। वे अब भी गा रहे हैं। बस हमने सुनना छोड़ दिया है। आइए, फिर से सुनना शुरू करें। अपनी बाल्कनी से नहीं, अपने मन की खिड़की से।

# भारतीय जीवन दृष्टि और प्रेरणा का महत्व

हृदयनारायण दीक्षित

**भारतीय साहित्य और इतिहास ऐसी कथाओं से भरा पूरा है। सामान्यतया राष्ट्र जीवन के उद्देश्यों के लिए काम करने वाले महानुभावों की कथाएं हम सबको प्रेरित करती हैं। उनके गीत गाए जाते हैं। चारों तरफ उनकी कीर्ति फैलती है। वे यशस्वी होते हैं। वे इतिहास की सीमाओं को लांघकर समकालीनता का अतिक्रमण करते हैं। अमर हो जाते हैं। इतिहास उनका अनुसरण करता है। अपने अंतःस्थल में जगह देता है। स्त्री अपने संपूर्ण वैभव में माता है। माता प्रकृति की आदि और अनादि अनुभूति है। इसके बावजूद दुनिया के अनेक देशों में मानव इतिहास के दीर्घकाल तक स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं रही। यूरोप में पुनर्ज़ागरण (रेनेसां) के पहले लाखों महिलाओं को डायन बता कर मार दिया जाता था। लेकिन भारत में महिलाओं की स्थिति इससे भिन्न रही है। यहां सामाजिक विकास के साथ-साथ पुरुष और स्त्री में समानता का अधिकार और सहकार रहा है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले तक विवाह संस्था का विकास हो चुका था। जान पड़ता है कि अनेक महिलाएं अपने पति का चुनाव स्वयं करती थीं। ऋग्वेद के दसवें मंडल में उल्लेख है, ''जो महिला स्वयं पति का चुनाव करती है वह भद्र है।'' परिवार में स्त्री की स्थिति काफी सशक्त थी।**

प्रेरणा सामान्य क्षमता की वृद्धि करने वाला असामान्य रसायन है। संभव है कि मस्तिष्क में डोपामाइन जैसा कोई रस इस प्रेरणा के लिए जिम्मेदार हो। प्रेरणा ध्येय निष्ठा के लिए प्रेरित करती है। उत्साह भरती है। स्वाभाविक आलस्य को भी निकट नहीं आने देती। प्रेरणा की शक्ति मूल कार्य में लगने वाली शक्ति की क्षमता को भी प्रभावित करती है। प्रेरित करने वाले तत्व कई प्रकार के हो सकते हैं। वे मोटे तौर पर दो हैं। दो से अधिक भी हो सकते हैं। अच्छे कार्य के लिए उत्साहित करने वाली प्रेरणा। किसी गलत कार्य के लिए उकसाना भी प्रेरणा कहा जा सकता है। महापुरुष प्रेरित करते हैं। स्वयं तपते हैं। समाज को उत्साहित करते हैं। भारतीय जीवन दृष्टि में प्रेरणा का महत्व है। कोई ई रिक्शा चलाने वाला चालक भी उच्चतर परीक्षाओं में अच्छे अंक पाता है। वह प्रेरित करता है। कोई नदी में डूबते हुए व्यक्ति को अपनी जान पर खेल कर बचाता है। यह प्रेरणादायी है। कोई विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के लिए उच्चतम काम करता है। वह प्रेरणादायी है। भारतीय साहित्य और इतिहास ऐसी कथाओं से भरा पूरा है। सामान्यतया राष्ट्र जीवन के उद्देश्यों के लिए काम करने वाले महानुभावों की कथाएं हम सबको प्रेरित करती हैं। उनके गीत गाए जाते हैं। चारों तरफ उनकी कीर्ति फैलती है। वे यशस्वी होते हैं। वे इतिहास की सीमाओं को लांघकर समकालीनता का अतिक्रमण करते हैं। अमर हो जाते हैं। इतिहास उनका अनुसरण करता है। अपने अंतःस्थल में जगह देता है। स्त्री अपने संपूर्ण वैभव में माता है। माता प्रकृति की आदि और अनादि अनुभूति है। इसके बावजूद दुनिया के अनेक देशों में मानव इतिहास के दीर्घकाल तक स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं रही। यूरोप में पुनर्ज़ागरण (रेनेसां) के पहले लाखों महिलाओं को डायन बता कर मार दिया जाता था। लेकिन भारत में महिलाओं की स्थिति इससे भिन्न रही है। यहां सामाजिक विकास के साथ-साथ पुरुष और स्त्री में समानता का अधिकार और सहकार रहा है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले तक विवाह संस्था का विकास हो चुका था। जान पड़ता है कि अनेक महिलाएं अपने पति का चुनाव स्वयं करती थीं। ऋग्वेद के दसवें मंडल में उल्लेख है, ''जो महिला स्वयं पति का चुनाव करती है वह भद्र है।'' परिवार में स्त्री की स्थिति काफी सशक्त थी। ऋग्वेद के एक प्रसंग में नव वधू के लिए आशीर्वाद का उल्लेख है, ''वधू परिवार में अपनी सास, ससुर, ननद आदि पर सम्राट की तरह रहे।'' अथर्ववेद के रचनाकाल तक स्त्री समानता का जबरदस्त विकास हो चुका था। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में पति पत्नी से कहता है, ''मैं साम हूं। तू ऋक है। मैं द्यावा हूं। तू पृथ्वी है।'' एक अन्य सुंदर मंत्र में कहते हैं, ''तुम दोनों का भोजन और पानी पीने का स्थान एक हो।'' भारत में उत्तर वैदिक काल से ही स्त्री सम्मान के वातावरण का विकास हो चुका था। स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। ऋग्वेद के अनुसार विश्पला नाम की महिला का पैर युद्ध में टूट गया था। वेदों की रचनाकार स्त्रियां भी थीं। ऋषि अगस्त्य से तर्क करने वाली लोपामुद्रा ने भी मंत्र रचे थे। उपनिषदों में कहा गया है, ''प्रारंभ में वह अकेला था। उस एक को अकेलेपन के कारण अच्छा नहीं लगा-तस्मात एकाकी न रमते। उसने दूसरे की इच्छा की-स द्वितीयं ऐच्छत। उसने स्वयं को दो हिस्सों में बांट लिया। आधा पुरुष हुआ, आधा स्त्री। परम सत्ता को अर्धनारीश्वर कहा गया।'' रामकथा में कैकई युद्ध भूमि में अपने पति राजा दशरथ के साथ गई थीं। युद्ध भूमि में ही उन्होंने अपने पुत्र भरत के लिए राज्य मांगा था। गार्गी ने दार्शनिक याज्ञवल्क्य से अनेक प्रश्न पूछे थे। अंतिम प्रश्न पर महाज्ञानी याज्ञवल्क्य भी तिलमिला गए थे। महाभारत की द्रौपदी इतिहास और पुराण कथाओं में छाई हुई हैं। भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खण्डेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं। अल्पायु में ही उनका विवाह हो गया। वे 29 वर्ष की उम्र में ही विधवा हो गईं। होलकर ने अपने शासकीय क्षेत्र से बाहर भी देश के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए। जल संसाधन की चिंता की। कुओं और पेयजल की तमाम व्यवस्थाएं की। सड़क बनवाई। गरीबों के लिए निशुल्क अन्न क्षेत्र खोले। समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी सक्रियता उल्लेखनीय रही। उनके काम लोकमत की सराहना का विषय बने। सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी उन्होंने कराया था और वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर का भी। महिलाओं की शिक्षा के लिए संस्थाएं खोली। समाज जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उन्होंने बढ़-चढ़ कर का हिस्सा लिया। सन 1725 में उनका जन्म हुआ था। मराठा हिंदू परिवार में चैंडी गांव में उनका जन्म हुआ था। खास बात है कि 18वीं सदी में भी उनके कार्य प्रेरक थे और भारतीय समाज का आज भी मार्गदर्शन करते हैं। उनके व्यक्तित्व में माता की ममता थी और पुरुष जैसा शौर्य पराक्रम। तत्कालीन समाज ने उन्हें आदर के साथ देखा। देखते ही देखते समाज के बड़े वर्ग ने उन्हें देवी जैसा सम्मान दिया। विभिन्न पुराण कथाओं के मिथक जैसी स्मरणीय नेत्री बनीं। वे अखिल भारतीय स्तर पर सब जगह श्रद्धा का विषय बनी रहीं और अपने निधन (13 अगस्त 1795) के 229 वर्ष बाद भी लोकप्रिय हैं। वे जीवित होतीं तो 300 वर्ष की होतीं। लेकिन इससे क्या वे न होकर भी राष्ट्रीय आदर की पात्र हैं। समाज को प्रेरित करने वाले ऐसे प्रतीक प्रायः कम ही मिलते हैं। आश्चर्य है इतिहास में उनके पद प्रतिष्ठा के सापेक्ष उन्हें जगह नहीं मिली। ऐसे संगठन और कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं जो उनके स्मरण में श्रद्धापूर्वक अभियान चला रहे हैं। लोक इतिहास से बड़ा होता है। इतिहास की संपदा की तुलना में लोक ज्यादा समृद्ध होता है। राजा हरिश्चंद्र को भी इतिहास में प्रायः जगह नहीं मिली। लेकिन लोक ने उन्हें अपनी स्मृति में संजोए रखा। सत्यनिष्ठा और राजा हरिश्चन्द्र पर्यायवाची हैं। उनका स्मरण किया जाता है। ऐसे ही होलकर भी इतिहास की छोटी पोथियों से हटकर लोक हृदय सम्राट बनीं और जनसेवा की प्रतिष्ठा की प्रतीक भी। आदर्श स्त्री विमर्श चलते रहना चाहिए और इसके लिए हम सबको अतीत का अध्ययन करना चाहिए। ऐसी महिलाऐं विरल हैं। इनमें अनेक पुराकथाओं जैसी दिव्य हो गईं थीं। ऐसी इतिहाससिद्ध व प्रसिद्ध महिलाओं में होलकर का नाम अग्रणी है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम भी प्रतिष्ठा के साथ लिया जाता है। अतीत की प्रेरणा से आधुनिक को संवारने के लिए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# गैंगस्टर एक्ट के तीन अभियुक्तों की 86 लाख की सम्पत्ति को किया गया कुर्क

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। प्रदेश में माफियाओं व नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों पर कड़ी कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ की जीरो टालरेंस की नीति के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रिया कलापों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से खनन कर संम्पति का अर्जन करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में आज बांदा पुलिस द्वारा जनपद फतेहपुर के थाना ललौली क्षेत्र के तीन अभियुक्तों की आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रुप से अर्जित की गई लगभग 86 लाख रुपए की अवैध सम्पत्ति को कुर्क किया गया है। अभियुक्तों पर समाज विरोधी क्रियाकलाप करने तथा समाज में भय व्याप्त कर अवैध रुप से संमत्ति अर्जित करने के संबंध में थाना पैलानी पर धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1986 पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक थाना पैलानी सुखराम सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही थी। इसी क्रम में अभियुक्त के आपराधिक कृत्यों द्वारा अवैध रुप से अर्जित की गई सम्पत्ति की पहचान कर कुर्की हेतु मा0 न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट भेजी गई थी। न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट बांदा द्वारा अवैध संपत्ति की कुर्की के संबंध में आदेश निर्गत किए गए थे। गैंगस्टर एक्ट की 14(1) के तहत कार्यवाही करते हुए तीन अभियुक्तों की अवैध रुप से अर्जित की गई कुल 85 लाख 71 हजार 500 रुपये की सम्पत्ति को कुर्क किया गया है। तीन अभियुक्तों में मो0 रजा हुसैन पुत्र इसरार अली निवासी मोहल्ला शेखन कस्बा व थाना ललौली जनपद फतेहपुर, हलीम खान पुत्र घुरु खान निवासी सलीहाबाद थाना ललौली जनपद फतेहपुर व मोहम्मद शेखू खान पुत्र घुरु खान निवासी ग्राम सलीहाबाबा थाना ललौली जनपद फतेहपुर हैं।

## रोटी बैंक सोसाइटी ने मरीजों को बांटे फल और बिस्किट

बांदा। रविवार को बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की महिला टीम की अध्यक्ष श्रीमती तबस्सुम फ़ात्मा की अध्यक्षता में महिला टीम की महिला सोशल मीडिया प्रभारी रिचा रैकवार के नेतृत्व में महिला टीम के सहयोग से महिला जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी डा. श्रीमती सुनीता सिंह के निर्देशन में डा. प्रिया सिंह की उपस्थिति में, महिला टीम के द्वारा हर माह की तरह इस बार भी महिला जिला चिकित्सालय बाँदा के मरीजों और तीमारदारों को फल,बिस्किट आदि का वितरण किया गया।इसके साथ ही महिला टीम की सदस्य श्रीमती रश्मि सिंह और श्रीमती फरज़ाना बेगम के द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।उक्त फल,बिस्किट आदि पाकर मरीज़ों और उनके तीमारदारों ने बाँदा रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद और दुआओं से नवाज़ा।उक्त फल वितरण कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारियों,सदस्यों ने मरीज़ों और उनके तीमारदारों को सेवा प्रदान की। रिज़वान अली अध्यक्ष,मोहम्मद सलीम उपाध्यक्ष,सुनील सक्सेना संगठन मंत्री,मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी,शकील खान ,रिया खान महिला महामंत्री,शहाना खान, अनम खान सदस्य आदि मौजूद रहे।

# रेलवे कर्मियों के परिवारों के लिए जागरूकता सेमिनार का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। झाँसी मंडल के बांदा क्रू बुकिंग लाबी में एक प्रेरणादायक फैमिली सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य क्रू नियंत्रक, 06 मुख्य लोको निरीक्षक, कुल 25 लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट, तथा उनके परिवारों के लगभग 65 सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य लोको पायलटों के चुनौतीपूर्ण कार्यदिवस में उनके परिवारों की भूमिका को रेखांकित करते हुए, एक सहायक और सकारात्मक पारिवारिक वातावरण के निर्माण हेतु उन्हें मार्गदर्शन देना था। इस अवसर पर कुंभ मेले में ड्यूटी निभाने वाले 05 लोको पायलटों की पत्नियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया ,साथ ही, सभी उपस्थित पत्नियों एवं बच्चों को भी उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई और लोको पायलटों की पत्नियों के साथ निम्न महत्वपूर्ण विषयों पर काउंसलिंग की गई। घर पर शांतिपूर्ण एवं विश्रामयुक्त वातावरण बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।ड्यूटी पर जाते समय पति को मानसिक तनाव से मुक्त रखने हेतु प्रेरित किया गया। स्पैड या दुर्घटनाओं की स्थिति में परिवार पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी गई।घरेलू कार्यों में योगदान देकर एक सहयोगात्मक पारिवारिक परिवेश प्रदान करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में सहभागिता और संवाद के माध्यम से पारिवारिक समर्थन की महत्ता को रेखांकित किया गया, जो रेलवे संचालन की सुरक्षा और दक्षता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## गायत्री शक्तिपीठ में पूजा-पाठ,हवन के साथ मरीजों का भी होता है मुफ्त इलाज

बांदा। आम तौर पर मंदिरों में सुबह-शाम नियमित रूप से पूजा-पाठ होते हैं. भक्त भगवान से अपने दुख-दर्द हरने की प्रार्थना करते हैं. लेकिन, बांदा के शास्त्री नगर स्थित गायत्री मंदिर में पूजा-पाठ के साथ रोगियों का उपचार भी किया जाता है. मंदिर में महिला डाक्टर नीतिका साहू बीएचएमएस होम्योपैथिक विशेषज्ञ अपनी निःशुल्क सेवाएं दे रही है और यहां आने वाले लोगों का इलाज कर रही है हैं। यह डाक्टर सप्ताह में नियमित रूप से एक से दो घंटे मंदिर में लोगों का इलाज करती हैं। गायत्री शक्तिपीठ के नवीन निगम व आरके अग्रवाल ने बताया की चिकित्सा की शुरुआत की गई है जो अब धीरे-धीरे विस्तृत हो रही है। मंदिर में आए भक्तों और मरीजों का निरूशुल्क उपचार सेवा हैं. मंदिर में किसी भी जाति या धर्म का मरीज आ कर अपना इलाज करवा सकता है. यहां बड़ी संख्या में अलग-अलग धर्मों के लोग उपचार के लिए आते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## कांग्रेसियों ने पार्टी नेता की बहन की मृत्यु पर जताया शोक

बांदा। तिंदवारी क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरहरी कंग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व मे कंग्रेस का प्रतिनिधि मंडल कंग्रेस नेता राम मिलन सिंह के निवास पर पहुंचा विगत दिवस जिनकी बहन श्रीमति कविता सिंह की एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था परिवार जनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की गई एवं ईश्वर से प्राथना की गई कि मृत आत्मा को प्रभु अपने चरणों में स्थान प्रदान करे तथा शोक संतृप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में शक्ति प्रदान करे। इस अवसर पर सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, बीलाल भाई, सन्तोष कुमार द्विवेदी साथ में रहे।

## मयंक सर्राफ बनें राष्ट्रीय मंत्री

बांदा। शहर के प्रमुख समाजसेवी एवं भाजपा नेता मयंक गुप्ता सर्राफ को अखिल भारतीय ओमर-ऊमर वैश्य महासभा नें अपना राष्ट्रीय आंचलिक मंत्री घोषित किया है। मयंक सर्राफ के मनोनयन पर पुष्कर द्विवेदी, अमित सेठ भोलू, अनुराग चंदेरिया, अमल गोयल रोहित साहू आदि सभी व्यापारी नेताओं नें हर्ष व्यक्त किया है।

## खेत से घर आ रहे किसान की अचानक बिगड़ी तबियत, मौत

बांदा।खेत से घर लौट रहे किसान अचानक गश खाकर गिर पड़ा ।उसकी मौका पर मौत हो गई ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार देहात कोतवाली क्षेत्र के पचनेही गांव निवासी बाली प्रसाद 45 पुत्र राम भजन किसानी करता था ।शनिवार की शाम वह खेत से घर लौट रहा था रास्ते में गश खाकर गिर पड़ा। उसकी मौत हो गई ।वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने देखा ।तो परिजनों को सूचना दी मौत की खबर मिलती परिजन मौके पर पहुंच गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।मृतक के छोटे भाई गुरु प्रसाद ने बताया कि वह अविवाहित था किसानी करता था।

## मार्ग दुर्घटना में सात लोग हुए घायल

बांदा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से उतरते समय कार अनियंत्रित होकर मवेशी से टकराने के बाद खंती में पलट गई ।इसमें सवार 7 लोग घायल हो गए ।सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां उनका उपचार किया जा रहा है। इंदौर के बक्तेश्वर बिहार निवासी कमल शर्मा पुत्र राम जी शर्मा अपने परिवार के साथ अयोध्या गए थे ।वहां से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से होते हुए बागेश्वर धाम जा रहे थे ।बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के महोखर सर्विस लाइन से उतरते समय सामने से आ रहे मवेशी से टकरा गई। जिससे कार अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई ।इसमें सवार कमल शर्मा 58 उनकी बेटी मोनिका शर्मा 27 नितिन 43 पुत्र सुरेश ने के अलावा चार अन्य लोग घायल हो गए। हादसे को देखकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी घायलों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल कमल शर्मा मोनिका शर्मा नितिन शर्मा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया । बाकी चार अन्य लोग को मामूली चोटे आई हैं।

## गर्म तेल से बालिका झुलसी

बांदा। छत पर खेल रही बालिका तेल से भरी गर्म कढ़ाई में जा गिरी। जिससे वह झुलस गई ।उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार जसपुरा थाना क्षेत्र के अमारा गांव निवासी सृष्टि 10 पुत्री सत्यनारायण शनिवार की दोपहर छत पर खेल रही थी ।आंगन में तेल से भरी गर्म कढ़ाई में पकवान निकाला जा रहा था ।तभी बालिका छत से कढ़ाई में जा गिरी। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत

बांदा। बाइक से बहन की शादी का कार्ड बांटने जा रहे युवक को ट्रक ने टक्कर मार दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालिंजर थाना क्षेत्र के रानीपुर मटखना गांव निवासी अनिल 32 पुत्र गौरा की बहन रोशनी की 7 जून को शादी थी ।अनिल अपने साथी जगदीश 35 पुत्र राजू के साथ बाइक में बैठकर शनिवार की दोपहर नरैनी आ रहे थे ।

# सवर्ण आर्मी की बैठक में सीतापुर का संगठन किया गया संगठित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





सीतापुर। सीतापुर जिले के शास्त्री नगर मोहल्ले में सवर्ण आर्मी की बैठक हुई उसमें प्रदेश उपाध्यक्ष सवर्ण आर्मी संतोष मिश्रा क्रान्तिकारी के संरक्षण में जिला सीतापुर का संगठन संगठित किया गया जिसमें संगठन के जिला एवं ब्लॉक के समस्त पदाधिकारियों उपस्थित रहे बैठक में सवर्ण आर्मी के प्रमुख सर्वेश पाण्डेय के विचारों की चर्चा हुई और उनके विचारों पर सवर्ण आर्मी सीतापुर के सभी पदाधिकारियों ने गांव गांव क्षेत्रों में जाकर सवर्ण भाइयों को जागरूक किया जाएगा यही संकल्प लिया गया सवर्ण आर्मी सीतापुर के जिलाध्यक्ष ने आये हुए पदाधिकारियों का स्वागत एवं माल्यार्पण किया जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, अनुज त्रिवेदी, शिवम तिवारी, दीपांशु दीक्षित, हिमांशु शुक्ला,समरेंद्र सिंह, राहुल पांडे, राहुल मिश्रा, प्रभाकर पांडे, पंडित शिव लखन तिवारी, कपिल श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा, सनी मिश्रा संतोष मिश्रा शैलेंद्र अवस्थी रजित जोशी, ललित प्रकाश, दिवाकर शुक्ला,आदि सवर्ण कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय समर कैंप का हुआ आयोजन

बांदा। श्रेया आकर्ष इंस्टीट्यूट में सात दिवसीय समर कैंप का शानदार शुभारंभ आयोजित किया गया। जिसमें हिंदी राइटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया मार्शल आर्ट का भी बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजीव गांधी डिग्री कालेज के प्रचार्य डा. राम भारतसिंह तोमर भगवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक अंकित कुशवाहा संध्या कुशवाहा प्रसिद्ध उद्घोषक डाक्टर अर्चना भारती राजा भैया डिग्री कॉलेज के प्रबंधक मिंटू यादव जी भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अमित सेठ भोलू द्वारा सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण करें एवं दीप प्रचलित कल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम का शानदार संचालन संस्था के उपाध्यक्ष प्रसिद्ध उद्घोषक पंकज रावत जी द्वारा किया गया।। बच्चों ने बहुत ही शानदार गीत प्रस्तुत की एवं मार्शल आर्ट का प्रदर्शन भी किया कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारशिवकुमार राजपूत जोर नजरे आलम संस्थान के शिक्षक श्रीमती दीपावली ओमर पुष्पेंद्र विश्वकर्मा जी शीलू भाई कैलाश जी दीपू जी और बच्चों के अभिभावकउपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांगरमऊ-उन्नाव। क्षेत्र में अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती धूमधाम से मनाई। कार्यक्रम हरदोई रोड स्थित हरित लोक होटल के निकट कैम्प कार्यालय पर आयोजित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष विकास पटेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरेश पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने राजमाता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि अमरेश पटेल ने राजमाता के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राजमाता मालवा की होलकर राज्य की महारानी थीं। उनका जीवन सामाजिक न्याय और कुशल शासन के लिए समर्पित रहा। उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर और सोमनाथ मंदिर की नींव रखी। उनका गौरवशाली इतिहास आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस कार्यक्रम में जिला महासचिव सुधांशु कटियार, सहकारिता मंच के जिला अध्यक्ष कौशल गुप्ता, युवा मंच के जिला सचिव अमन शर्मा, सुजीत कटियार, मोनू पाल, अनिल कुमार, रंजीत अर्कवंशी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ. राजेश पाल ने किया।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। जिला नशा मुक्ति केन्द्र द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था में मौजूद पदाधिकारियों ने कहा, कि तम्बाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी खपत को कम करने के लिये एवं प्रभावी नीतियों की वकालत करने के लिये विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा, कि प्रतिवर्ष तम्बाकू से होने वाले कैंसर से लाखों मौतें हो जाती है। फिर भी लोग धूम्रपान करना नहीं छोड़ रहे है। जागरुकता का अभाव, फैशन, दिखावा के चक्कर में युवाओं को लत लग रही है। माँ-बाप जो पहले से तम्बाकू, गुटका, बीड़ी का उपयोग कर रहे हैं, उनसे आग्रह करते हुए कहा, कि वें बच्चों से यह चीजे दुकान से न मगाएँ, क्योकि छोटे बच्चों में समझ न होने के कारण उत्सुकता बढ़ती है। और वे छुपकर इसका सेवन करने लगते है और बाद में लत लग जाती है। संस्था जिला नशा मुक्ति केन्द्र के पदाधिकारियों द्वारा तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभाव एवं दुष्पेरिणाम के बारे में बताया गया, इस अवसर पर प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर चंदा देवी, पीयर मोबिलाईजर नागेन्द्र, नर्स सोम्या गुप्ता, ओ. र. डबलू शोभा देवी एवं संस्था के सभी स्टाफ इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# हाईवे पर स्टंट बाजी करते चार बाइक जब्त



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

### कानपुर-लखनऊ हाईवे पर युवकों की खतरनाक हरकत

उन्नाव। अजगैन पुलिस ने कानपुर-लखनऊ हाईवे पर स्टंट बाजी करने वाले युवकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक उन्नाव के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अजगैन थाना पुलिस ने चार मोटरसाइकिल को जब्त किया है।टोल प्लाजा के पास गश्त के दौरान पुलिस को कुछ युवक तेजी और लापरवाही से बाइक स्टंट करते मिले। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए ठ्घ्78क्क्क8277 के चालक निहाल उर्फ शानू और उसके साथी ऋषभ शर्मा, ठ्घ्78इख्3053 के चालक अर्जुन कश्यप, ठ्घ्78क्क्ट्2219 के चालक परवेज और उसके साथी वेदांश कुमार, तथा ठ्घ्78क्क्ख4089 के चालक शिवम गौड़ को पकड़ा।सभी आरोपी कानपुर के रहने वाले हैं। पुलिस ने सभी वाहनों को धारा 207 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सीज किया है। साथ ही स्टंट करने वाले चालक और सहचालकों के खिलाफ धारा 170/126/135 उगट्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सभी आरोपियों को न्यायालय भेजा जा रहा है। नवाबगंज चौकी प्रभारी मुकुल दुबे ने संदिग्ध वाहनों की तलाशी के दौरान स्टंट करने वाले युवकों को पकड़ा है।

## एक्सप्रेसवे पर पलटा अनियंत्रित ट्रक,चालक घायल



बांगरमऊ-उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवें पर लखनऊ से आगरा की ओर जा रहा मक्का लदा ट्रक अनियंत्रित हो कर पलट गया। घटना में वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक को मामूली चोटे आई है। हादसे के बाद एक्सप्रेसवें पर मक्का की बोरियां गिर गई, बोरियां फटने से सड़क पर मक्का बिखर गई। सूचना पर पहुँची यूपीडा टीम ने रेस्क्यू शुरू किया। बता दें कि चालक राजू मीणा पुत्र मोतीलाल निवासी जाजपुर थाना पंडेहेट जनपद सापड़ा राजस्थान ट्रक में मक्का लादकर लखनऊ से आगरा की तरफ जा रहा था। तभी रविवार को करीब 11 बजे बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में गांव देवखरी के निकट किन्ही परिस्थितियों में ट्रक अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवें पर पलट गया। इस हादसे में मक्का की बोरिया मार्ग पर बिखर गई जबकि चालक को भी चोट आई। घटना के बाद यूपीडा रेस्क्यू टीम द्वारा घटनास्थल पर रेस्क्यू कर आवागमन बहाल कराया गया।

## ग्राम बगेहटा में हुआ जलसे का आयोजन

बांदा। बीती रात ग्राम बगेहटा में एक अज़ीमुश्शान जलसा ए सीरतुन्नबी सल्लल्लाहु अलैहि व आलिही वसल्लम का आयोजन किया गया। जिसमे हज़रत अ़ल्लामा सैय्यद वाजिद रब्बानी साहब ने फ़रमाया कि ऐ मुसलमानों अगर तुम दीन को सीखोगे नहीं, और अपने बच्चों को दीनी तालीम दोगे नहीं, तो बच्चे तुम्हारे साथ बद सुलूकी ही करेंगे। ऐ लोगों अगर तुम चाहते हो कि तुम्हारी औलाद तुम्हारी इज़्ज़त करे। तो उसको दीनी तालीम और अच्छी तरबियत दो। सैय्यद ग़ुफ़रान रब्बानी साहब ने फ़रमाया कि अल्लाह ने तमाम नबियों को कोई ना कोई मोजज़ा देकर दुनिया में भेजा। लेकिन जब मोह़म्मदुर रसूलुल्लाह को दुनिया में भेजा तो उनको सर से लेकर पाए अक़्दस तक सरापा मोजज़ा बनाकर भेजा। जब मेरे नबी की तरह दीगर अंबिया नहीं हो सकते हैं। तो फिर कोई उम्मती नबी की तरह कैसे हो सकते हैं। सैय्यद फ़ैज़ान रब्बानी, सैय्यद मसऊ़द रब्बानी ने अपने मख़्सूस अंदाज़ में खूबसूरत नातो मनक़्बत पेश किए।

# पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

### एसडीएम ने की त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील

बांगरमऊ-उन्नाव। कोतवाली में बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। एसडीएम शुभम यादव ने दोनों समुदायों से त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन से प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी न की जाए। बैठक में दी गई जानकारी को नमाज के बाद अन्य लोगों तक पहुंचाने को कहा। सीओ अरविंद कुमार ने कहा कि बकरीद की नमाज सड़क पर नहीं, बल्कि ईदगाह और मस्जिदों के अंदर ही पढ़ी जाए। जानवरों की कुर्बानी निर्धारित बंद जगह में करने का निर्देश दिया। मलबा, खून और अन्य अवशेष नालों में न डालकर सुरक्षित गड्ढे में दफनाने को कहा। प्रशासन त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखेगा। अफवाह फैलने पर तुरंत तहसील और पुलिस को सूचित करने को कहा गया। उपजिलाधिकारी ने नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम प्रधानों को अवशेष को नमक डालकर निर्धारित स्थान पर दफनाने के निर्देश दिए। इस बैठक में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह, गंजमुरादाबाद चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी सलीम कुरैशी समेत पीस कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## ठेकेदार ने दी कोतवाली में तहरीर

शुक्लागंज-उन्नाव। गोपीनाथपुरम निवासी ठेकेदार राजकिशोर पाण्डेय द्वारा गंगाघाट कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसार, 28 मई को दोपहर लगभग 2 बजे आशू मिश्रा नामक व्यक्ति मौके पर आया और रंगदारी के तौर पर एक लाख रुपये की मांग की। अभय द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर, उसी दिन शाम करीब 7:20 बजे आशू मिश्रा, दिव्यांश दीक्षित, आयूश तिवारी, निखिल यादव, वैभव मिश्रा और तीन अन्य अज्ञात व्यक्ति वापस आए। उन्होंने अभय पर लात-घूंसों, ईंट-पत्थरों और कट्टे की बट से बेरहमी से हमला कर दिया। हमले में अभय को गंभीर चोटें आईं, विशेष रूप से उसके बाएं कान पर गहरी चोट लगी। शोर सुनकर आस-पास के मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद हमलावर ष्जान से मारने की धमकीष देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। इस घटना का वीडियो भी कुछ लोगों ने बना लिया। घायल अभय का तत्काल मेडिकल कराया गया। पुलिस ने मारपीट, जानलेवा हमला, रंगदारी मांगने सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक ने की दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने जिलाअस्पताल पहुंच कर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जेहादी सफात उर्फ़ बब्लू समीर के द्वारा चाकू से किये गए हमले मे घायल हिन्दू बेटी से मिल कर उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

उन्होंने बताया की हिन्दू दलित बेटी को कोतवाली क्षेत्र अनवार नगर का रहने वाला सफात उर्फ़ बब्लू समीर जो लड़की के भाई का दोस्त था कल घर पर लड़की अकेले पाकर गलत काम की नियत से अपने दोस्तों के साथ घर मे घुस गया लड़की के विरोध करने पर चौकू से जानलेवा हमला कर दिया जिसे लड़की के गले व चेहरे मे गंभीर घाव हो गए बचाव मे लड़की की उंगलियां भी कट गयी जिसको लेकर कल शाम से से लगातार पुलिस के उच्च अधिकारियो से आरोपी की मांग कर रहे है और उनकी सूचना पर तत्काल शहर कोतवाल एमरजेंसी वार्ड मे पहुंच कर परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है व जल्द गिरफ्तारी का अस्वासन दिया गया है।

विमल द्विवेदी ने बताया कि लड़की के बेहतर इलाज के लिए एख्र्ग व एख्रट्ट से फोन पर वार्ता की व आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी व कड़ी कार्यवाही को लेकर पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियो व शहर कोतवाल से भी वार्ता की गयी है उम्मीद है की आरोपियों की जल्द गिफ्तारी होंगी व ऐसी सजा मिलेगी की भविष्य में ऐसी घटनाये नहीं होंगी। उनके साथ हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, राकेश राजपूत,धर्मेन्द्र शुक्ला,शिवम शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# गन्ना उत्पादकता बढ़ाने की जानकारी के लिए गोला चीनी मिल ने भेजा किसानों का दल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। मुख्यमंत्री गन्ना कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम के तहत बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी गोला के युनिट हेड नीरज बंसल,वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना पी एस चतुर्वेदी व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक गोला आशुतोष मधुकर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किसानों को अजबापुर चीनी मिल क्षेत्र में एक्सपोजर क्षेत्र भ्रमड़ हेतु रवाना किया। किसानों को रवाना करते समय युनिट हेड व वरिष्ठ महा प्रबन्धक गन्ना ने किसानों को एक्सपोजर क्षेत्र भ्रमड़ का उद्देश्य विस्तार से बताया।भ्रमड़ के दौरान अजबापुर चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम शाहपुर जागीर व दुल्हापुर में एक्सपोज़र भ्रमड़ के तहत गोला मिल क्षेत्र से अजबापुर मिल क्षेत्र में प्रगतिशील 60 किसानों ने भ्रमण किया। इस दौरान आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रबन्धक गन्ना सत्येन्द्र कुमार ने गन्ने की उन्नत खेती की तकनीकों की जानकारी दी। गोला मिल क्षेत्र के किसानों ने पेड़ी गन्ना प्लॉटों का अवलोकन किया। गन्ने की बेहतरीन बढ़वार देखकर किसान काफी प्रभावित हुए। प्रगतिशील किसान रामसरन सिंह के फार्म पर पेड़ी प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। अजबापुर मिल के महाप्रबन्धक गन्ना एच के त्रिपाठी व अन्य तमाम मिल अधिकारियों ने मृदा प्रबंधन, उर्वरक संतुलन,सिंचाई व्यवस्था, कीट नियंत्रण,आरएमडी का प्रयोग और पेड़ी गन्ने की सफल प्रबंधन पर किसानों को व्यवहारिक जानकारी दी।

किसानों ने यह कहा कि हमने यहां जो देखा वह अत्यन्त प्रेरणादायक है खेतों में गन्ने की स्थिति बेहद संतोषजनक है, पौधे स्वस्थ हैं, पत्तियां हरी भरी और खेतों की देखभाल अत्यंत वैज्ञानिक तरीके से की गई है। सहायक महाप्रबन्धक गन्ना ओ डी शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जाएगा। हमारा लक्ष्य किसानों की आय को दो गुना करना है। इस मौके पर गन्ना विकास निरीक्षक मोहम्द अकरम, प्रबन्धक गन्ना संजीव चौधरी,अपर प्रबन्धक गन्ना धीरज मिश्र सहित सभी ब्लॉक इंचार्ज सहित प्रगतिशील किसान भेख राम वर्मा,अवधेश कुमार यादव,ओमप्रकाश यादव,गयादीन वर्मा,सुखवंत सिंह,सुरेश वर्मा,भिखारी लाल वर्मा व क्षेत्रीय कामदार मौजूद रहे।

# राह चलते छिनैती करने वाले दो लूटोरों को पुलिस ने दो होमगार्डो की मदद से पकड़ कर जेल भेजा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। थाना हैदराबाद पुलिस नें हाईवे पर राह चलते मोबाइल छिनैती करने वाले दो लुटेरों को पुलिस ने दो होमगार्डों की मदद से पकड़ कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन दो सौ रुपए बरामद किए हैं। जानकारी अनुसार थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम ममरी निवासी अनूप शुक्ला पुत्र प्रमोद शुक्ला गोला में किसी दुकान पर कार्य करता है। वह रोज की भांति साइकिल से रात्रि लगभग 8 बजकर 45 मिनट पर घर वापस आ रहा था। तभी गोला मोहम्मदी हाईवे पर ग्राम धिरावां के पास पुलिया पर पीछे से आए बाइक सवार तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोककर मोबाइल छीन लिया। इसी दौरान पीड़ित के चिल्लाने पर वहां से निकल रहे दो होमगार्डों नें दो आरोपितों को मोबाइल समेत पकड़ कर थाने ले गए। जबकि एक मौके से बाइक समेत भाग निकला है। जिसकी पुलिस को तलाश है। पुलिस नें इस मामले में महेशपुर निवासी सत्यम श्रीवास्तव,मयंक श्रीवास्तव निवासी ग्राम महेशपुर को जेल भेजा है। बता दें कि इस घटना के आधा घंटे पहले नहर पटरी पर सहुआपुर के पास वहीं के निवासी छोटे यादव से बाइक सवारों के द्वारा मोबाइल छीनने का प्रयास किया। किंतु छीनने में कामयाब नहीं हो सके। माना जा रहा है कि दोनों घटनाओं को अंजाम देने वाले उपरोक्त लोग ही हो सकते हैं।

# ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के तहत सन शाइन हॉस्पिटल में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। ऑपरेशन सिन्दूर'' की सफलता की ख़ुशी एवं भारतीय सशस्त्र सेनाओं के अदम्य साहस और शौर्य को नमन करते हुए वीर जवानों के सम्मान में डॉ. कौशल वर्मा के सानिध्य में सन शाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त दान शिविर का उद्धघाटन वरिष्ठ ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र नाथ वर्मा एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य लखपति राम वर्मा नें फीता काट कर किया है । शिविर में तकरीबन 20 लोगों नें रक्त दान कर योगदान किया है।

शिविर को सफल बनाने में पटेल सुशील वर्मा डायरेक्टर न्यू पैरामाउंट कम्पटीशन क्लासेज एवं संदीप कुमार वर्मा (तरुणोदय यूथ क्लब) की अहम भूमिका रही।शिविर में मोहित कुमार कन्नोजिया, शैलेन्द्र, संदीप वर्मा, राहुल जायसवाल, प्रशांत श्रीवास्तव, पटेल शशील वर्मा, नितेश वर्मा, हितेंद्र कुमार, आज़ाद मेहता, अनिल जलोटा, आदर्श सोनी, अभिषेक राजपूत, अतुल गौरी सिंह, रेशु माहेश्वरी ने स्वैच्छिक रक्त दान कर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया । इस अवसर पर अनुज सिंह (पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष), गोपाल गुप्ता, सुमित पाण्डेय, प्रतीक मिश्रा, सुमित वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, प्रभात गौरव वर्मा एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### कुकरा चौकी के मैदान में एक दिवसी क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



कुकरा खीरी। कस्बा कुकरा की सरजमीं पर सलमान सिद्दीकी की रहनुमाई में पुलिस चौकी के प्रांगण में एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में सुनेहरा भूड़ के कैप्टन गौरव कुमार और कुकरा टीम के कैप्टन साजी की के मध्य कड़ा मुकाबला हुआ । कुकरा की टीम को सुनेहरा भूड़ की टीम ने सुपर ओवर में 8 रन का लक्ष्य दिया लेकिन कुकरा की टीम ने एक विकेट खो कर मात्र 3 रन ही बना सकी और सुनेहरा भूड़ की टीम 5 रन से मुकाबला जीत लिया सुनेहरा भूड़ की टीम के कैप्टन ने अपनी टीम का नाम रोशन किया और ट्राफी,मैडल पुरस्कार हासिल किए द्य मैच रेफरी आकाश कुमार गौतम,एम्पायर शोएब, एनाउंसर आदिल सिद्दीकी की अहम भूमिका रहीं, दर्शकों में उत्साह देखा गया।

# अज़ान कस्बे में झोलाछाप डॉक्टरों का आतंक, स्वास्थ्य विभाग बना मूकदर्शक

- झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ होकर बिना किसी योग्यता के कर रहे मरीजों का इलाज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अजान खीरी। ब्लाक कुंभी गोला क्षेत्र के कस्बा अज़ान में स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। कस्बे में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार हो गई। इंन चिकित्सालय पर चिकित्सकीय योग्यता के बिना खुलेआम मरीजों का इलाज कर रहे हैं। अवैध चिकित्सालय पर न स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच की जाती है और न ही प्रशासन की सख्ती के अभाव में लोगों की जान से खिलवाड़ करना इन फर्जी डॉक्टर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करना आम बात हो गई। एक ताजा मामला अभी हाल में उस समय प्रकाश में आया जब 55 वर्षीय माया देवी नाम की एक महिला मरीज को अजान कस्बे मे संचालित कुमार क्लीनिक के यहां अपनी पेंट में दर्द होने की दबाई लेने आई थी। क्लीनिक पर बैठे डॉक्टर ने महिला को कुछ दबाई खिलाई और इंजेक्शन लगा दिया था।ग़लत इलाज की बजह से महिला की मौत हो गई थी। मालूम हो कि इससे पहले भी कई मासूम बच्चों और महिलाओं की जान इन फर्जी डॉक्टरों की लापरवाही की भेंट चढ़ चुकी है।

कस्बे में पुलिस चौकी रोड पर 'जगरानी हॉस्पिटल' नाम से 24 घंटे चलने वाला एक क्लीनिक जिसमे बच्चे मरीजों को भर्ती करने की भी सुविधा है।और इस हॉस्पिटल में ऑपरेशन भी किए जाते हैं। दूसरा क्लीनिक भगत बाबा रोड अजान मे राजकीय विद्यालय के पास 'राममूर्ति क्लीनिक' नाम से फर्जी मेडिकल सेंटर चालू है। यहाँ न डॉक्टर की डिग्री है, न क्लीनिक का पंजीकरण। एक टेबल-कुर्सी और कुछ दवाओं के साथ इलाज का ढोंग किया जा रहा है। गंभीर बात यह है कि झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम मरीजों को सड़क किनारे लिटाकर ड्रीप तक चढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सब कुछ स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी या मिलीभगत से हो रहा है। विभाग कभी छापा नहीं मारताऐसी, और अगर कोई शिकायत होती भी है तो डॉक्टरों को पहले ही खबर मिल जाती है। सस्ते इलाज के झांसे में आकर गरीब और अनपढ़ लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। इलाज के नाम पर मोटी फीस वसूली जा रही है, जबकि इलाज की गुणवत्ता जानलेवा है। अवैध मेडिकल स्टोर भी इन क्लीनिकों के साथ चल रहे हैं, जहाँ से रोज़ हज़ारों की दवाइयाँ बेची जा रही हैं।

प्रश्न यह है – क्या स्वास्थ्य विभाग इन झोलाछाप डॉक्टरों को पनाह दे रहा है?

यदि नहीं, तो अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

ग्रामीणों की मांग है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा उक्त अवैध अस्पतालों पर तुरंत छापेमारी करते हुए बिना डिग्री व पंजीकरण वाले क्लीनिकों को तत्काल सील किया जाए एवं जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच हो और कस्बे में नियमित स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं।यदि समय रहते कार्यवाही नहीं हुई, तो यह मौतों का सिलसिला और भी विकराल रूप ले सकता है।

# फोन पर आम जनमानस ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से पूछे अपनी समस्याओं के हल

## स्वास्थ्य विभाग के एनसीडी सेल द्वारा आयोजित हुआ था टॉक शो

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। उच्च रक्त चाप माह एवं विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी खीरी के जिला एनसीडी सेल में सीएमओ की अध्यक्षता में टॉक शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के फिजिशियन डॉ शिशिर पाण्डेय, मनोरोग चिकित्सक डॉ दीपा सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ रचित मिश्रा एवं क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट स्तुति कक्कड़ द्वारा जनमानस की उच्च रक्त चाप एवं तम्बाकू से सम्बन्धित बीमारियों के विषय पर परामर्श दिया गया। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी जिला एनसीडी सेल डॉ रवी मोहन गुप्ता, इपीडिमियोलॉजिस्ट डॉ राकेश कुमार गुप्ता, एफएलसी विजय वर्मा आदि उपस्थित रहे। टॉक शो के दौरान 31 व्यक्तियों को विभिन्न चिकित्सीय समस्याओं हेतु परामर्श दिया गया। तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में नोडल अधिकारी जिला एनसीडी सेल की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों को मानव शरीर पर तम्बाकू उपभोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की गयी तथा तम्बाकू छोड़ने के लिये प्रेरित किया गया। जनपद में कलेक्ट्रेट परिसर की चहारदीवारी से 500 मीटर के दायरे में तथा विद्यालयों की चहारदीवारी से 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेंच रहे 34 दुकानदारों से कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने पर 6800 रुपए जुर्माने के रूप में उपनिरीक्षक रामअवतार, सिपाही राजेश एवं उनकी टीम के साथ जिला एनसीडी सेल से एफएलसी विजय वर्मा एवं अतुल पाण्डेय मानसिक सोशल वर्कर द्वारा छापेमारी कर वसूला गया। वहीं विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के एक दिवस पूर्व तमाशा सांस्कृतिक दल द्वारा नोडल अधिकारी एनसीडी सेल, विजय वर्मा एफएलसी एवं अभिषेक कश्यप डाटा इंट्री आपरेटर की उपस्थिति में नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया।

### बांछेपारा गो आश्रय स्थल में अव्यवस्थाएं, सीडीओ ने की सख्त कार्रवाई

लखीमपुर खीरी। ब्लॉक बेहजम के अंतर्गत गो आश्रय स्थल बांछेपारा में व्याप्त अव्यवस्थाओं से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का सीडीओ अभिषेक कुमार ने तत्काल संज्ञान लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सचान के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन किया। जांच टीम द्वारा किए गए स्थल निरीक्षण में गो आश्रय स्थल पर कई अनियमितताएँ पाई गईं। आश्रय स्थल की दुर्दशा पर सीडीओ ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और इसे प्रशासनिक संवेदनशीलता की अनदेखी करार दिया। जवाब देही तय करते हुए सीडीओ ने त्वरित अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल राजवंशी को निलंबित कर दिया है। ग्राम प्रधान जानकी प्रसाद यादव को नोटिस जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त बीडीओ बेहजम एवं पशु चिकित्सा अधिकारी बेहजम डॉ अनुरुद्ध सिंह से लिखित स्पष्टीकरण तलब किया गया है, ताकि लापरवाही की स्पष्ट जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा सके और भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# ग्लोबल इंटर कालेज में किया गया समर कैंप का उद्घाटन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। न्यू चिल्ड्रेंस वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित यूनिक स्टेप डांस एकैडमी द्वितीय समर कैंप का उद्घाटन अतिथियों द्वारा रिबन काटकर ग्लोबल इंटर कॉलेज में किया गया।सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक अवधेश वर्मा, विशिष्ट अतिथि हर्ष अवस्थी सभासद, गोपाल गुप्ता, समिति अध्यक्ष आलोक तिवारी,उपाध्यक्ष मनोज वर्मा, विजय वर्मा उपस्थित रहे। समर कैंप में प्रशिक्षकों द्वारा डांस,रंगोली,मेहंदी, क्राफ्ट, ब्यूटीशियन, सिलाई -कढ़ाई, क्रिकेट ,सामान्य ज्ञान, इंग्लिश स्पीकिंग, चित्रकला एवं पेंटिंग आदि सिखाया जाएगा। समर कैंप का प्रशिक्षण श्री बाबूराम बाल उद्यान,आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर,अरविंद पब्लिक स्कूल एवं ग्लोबल इंटर कॉलेज आदि केंद्रों पर आयोजित होगा। समिति अध्यक्ष ने बताया कि समर कैंपों का आयोजन इसलिए किया जाता है क्योंकि बच्चे गर्मियों की छुट्टी का सदुपयोग कर सके एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर उसका लाभ उठा सके। इस अवसर पर शिक्षक तुषार मिश्रा, अजय राक, अभिषेक रॉक,ऋषु राक ,प्रशांत वर्मा ,सरबजीत गौतम, ब्यूटी गुप्ता ,सोनम कश्यप ,शिवानी सिंह सहित समस्त प्रशिक्षक-प्रशिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति कोषाध्यक्ष महेंद्र वर्मा ने किया।

# होटल के बर्तन शौचालय के गंदे पानी से धोने का वीडियो वायरल, संचालक गिरफ्तार



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मथुरा। बरसाना के एक होटल में एक बहुत ही शर्मनाक घटना सामने आई है, यहां होटल के बर्तनों को शौचालय के गंदे पानी से धोया जा रहा था और फिर उन बर्तनों में खाना परोसा जा रहा था। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे लोगों में काफी नाराजगी और गुस्सा देखने को मिला। लोगों ने जमकर होटल की आलोचना की। बरसाना पुलिस ने होटल के संचालक मामा और भांजे को हिरासत में लेने के लिए छापेमारी की।

एसपी देहात सुरेश चंद रावत के अनुसार, वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि किशोर अस्वच्छ स्थान पर बर्तन साफ कर रहा है। संभवतः इन्हीं बर्तनों में ग्राहकों को भोजन परोसा जाता था। नाबालिग होने के कारण होटल संचालक के भांजे को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। बरसाना थाने के एसआई अवधेश कुमार पुरोहित ने बताया- 31 मई को सोशल मीडिया पर टॉयलेट में बर्तन धोने का वीडियो सामने आया। होटल में टॉयलेट के अंदर एक किशोर बर्तनों को गंदे दूषित पानी से धो रहा था। इस पर आसपास के लोगों ने आक्रोश जताया। सूचना पर मैं स्वयं और कॉन्स्टेबल महेंद्र कुमार गोवर्धन रोड पर बीके बृजवासी फैमिली रेस्टोरेंट पर पहुंचे और पूरी छानबीन के बाद आरोपितों को हिरासत में ले लिया। होटल संचालक पर सिर्फ गंदा पानी इस्तेमाल करने का ही नहीं, बल्कि संक्रमित खाना परोसने और चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। क्योंकि होटल में नाबालिग लड़कों को शौचालय का पानी बर्तन धोने के लिए इस्तेमाल करते है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि बरसाना के सभी होटलों के साथ-साथ छोटे-बड़े दुकानदारों की भी जांच की जाए. ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना दोबारा न हो। लोगों ने साफ कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कथित कांग्रेसी नेता दुकानदार ने मासूम बच्ची के साथ की अश्लीलता

हमीरपुर। रविवार को राठ कस्बे के उरई बस स्टैंड के पास फल फ्रूट की दुकान लगाने वाले कथित कांग्रेसी नेता वृद्ध दुकानदार ने एक मासूम के साथ अश्लीलता कर दी। जिसके बाद मासूम बच्ची के शिकायत करने से नाराज परिजनों व मोहल्ले के लोगों का गुस्सा फूट पडा। लोगों ने आरोपी वृद्ध की फल फ्रूट की दुकान को तहस नहस करते हुए दुकान का सामान सड़क पर फेंक दिया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला। कंग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष गोविंद अहिरवार ने बताया कि आरोपी वृद्ध कंग्रेस पार्टी का पदाधिकारी व कार्यकर्ता नहीं है। उन्होंने बताया कि आरोपी कंग्रेस पार्टी के होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी फोटो खींचने के लिए पहुंच जाता था। पार्टी का आरोपी से कभी कोई लेना देना नहीं रहा है। वहीं मामले में कोतवाली के इंस्पेक्टर रामासरे सरोज ने बताया कि आरोपी वृद्ध मौके से फरार हो गया था। जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से थर्राया थाना नीमगांव

- चोरों ने एक ही रात में दो घरों को बनाया निशाना, लाखों की चोरी
- हाल में हुई प्रमुख घटनाओं पर एक नजर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखीमपुर खीरी। जिले के अंतर्गत थाना क्षेत्र नीमगांव में लगातार होफरही चोरियों से सुर्खियां बटोरने वाला थाना बना नीमगांव,दिन प्रतिदिन बढ़ रहे अपराध पर अंकुश लगाना थाना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है,वहीं शनिवार की रात में चोरों ने थाना क्षेत्र के ग्राम जम्होरा में दो घरों को निशाना बनाया नकदी और जेवरात समेत करीब 10 लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया,घटना आबादी वाले इलाके में घटी, जिससे थाना क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है,जानकारी के अनुसार,रोड के पूरब दिशा में रहने वाले सुशील शुक्ला पुत्र रामाकांत शुक्ला के यहां सभी स्वजन छत पर सो रहे थे,मकान के पीछे से दीवार के सहारे से छत पर चढ़ गए,दीवार पर चढ़कर जीने के रास्ते से घर में प्रवेश कर कमरे में घुसकर अलमारी व बक्से में रखे 5 हजार की नगदी व बेशकीमती जेवरात समेत लगभग 2 लाख के बर्तन उठा ले गए,बच्चों की गुल्लक तोड कर उसकी भी नगदी उठा ले गए,घर में रखा दूध भी पिया, और टॉयलेट भी की,वहीं गांव व रोड के पश्चिम में आबादी वाले एरिया में रहने वाले होमगार्ड जवान रहे कमलेश पांडेय के घर में उस वक्त चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया जब वे अपने परिवार के साथ छत पर सो रहे थे,चोरों ने पूरब दिशा से दीवार के सहारे छत पर चढ़ गए,घर में प्रवेश कर तीन कमरों के ताले तोड़ कर कमरे के अंदर रखी अलमारी का लॉकर तोड़ रखी नगदी करीब चालीस हजार समेत 3 सोने की चैन, कीमती हार,झाला समेत करीब 20 लाख के जेवरात बर्तन उठा ले गए।

ताबड़तोड़ चोरियों में फॉरेंसिक टीम ने संकलित किए साक्ष्य- चोरी के वारदात के बाद फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर फिगर प्रिंट के साक्ष्य संकलित किए,टीम ने सभी ग्रामीणों के आगाह किया कि वह अपनी अपने अपने घरों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवाएं।

10 मईः बिलहरी गांव में दो दुकानों का ताला तोड़कर हजारों की चोरी हुई

12 मईः गांव रसूलपुर में उमेश त्रिपाठी के घर नकब लगाकर घुसे चोर लाखों के जेवरों के साथ ही 12 कारतूस चोरी कर ले गए।

13 मईः गांव यंगपुर में तीन घरों से नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी हुए।

21 मई की रात नीमगांव कस्बे में बालाजी मोबाइल सेंटर की दुकान से हजारों की चोरी?

25 मई को प्रतापपुर गांव में दो सगे भाइयों के यहां अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे से छत पर चढ़ 20 हजार की नगदी व लाखों की कीमती जेवरात और बर्तन कपड़े उठा ले गए थे,वहीं गांव के एकराम समेत बाबूराम व महेश के यहां चोर चोरी करने में असफल रहे।

29 मई को रहमतपुर गांव के रहने वाले संजय पुत्र हरद्वारी के यहां अज्ञात चोर घर में घुस गए कमरे में रखे नगदी समेत कीमती जेवरात व गृहस्थी का सामान उठा ले गए थे।

# 16वीं बार फ्रेंच ओपन में पहुंचे जोकोविच

## बोले- यह बहुत ही दिलचस्प था

एजेंसी

पेरिस। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालीफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। यह मुकाबला कोर्ट फिलिप-चैटियर में खेला जा रहा था जो पेरिस सेंट जर्मेन के घरेलू स्टेडियम स्टेडियम से कुछ ही दूरी पर है। पीएसजी के स्टेडियम से लगातार पटाखों की आवाजें आ रही थीं। फ्रांस के इस क्लब ने जर्मनी के म्युनिख में इटली के इंटर मिलान को 5-0 से हराकर यूरोपीय क्लबों की शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता में अपनी पहली चैंपियनशिप जीती। जोकोविच इस फुटबॉल मैच को टेलीविजन पर देखने के लिए अपना मुकाबला इस समय नहीं खेलना चाहते थे। उन्होंने



एकतरफा जीत के बाद कहा, ''यह दिलचस्प था। यहां स्टेडियम में दर्शक भी फुटबॉल मैच पर नजर रखे हुए। मैं सुन सकता था कि उन्होंने कब गोल किया। वे कई बार जश्न मना रहे थे। उन्होंने कहा, ''मैं सोच रहा था, वाह, पेरिस ने बहुत सारे गोल किये। क्या हो रहा है? । अब मैंने सुना कि यह 5-0 है। ईमानदारी से कहूं तो यह काफी शानदार परिणाम है।'' जोकोविच ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 153 वें नंबर के मिसोलिच जैसे कम रैंक वाले किसी भी खिलाड़ी से कभी नहीं हारे हैं। उन्होंने इस मैच में पूरा दबदबा बनाये रखा। मिसोलिच के दूसरे सर्विस पर हालांकि जोकोविच सात ब्रेक प्वाइंट हासिल करने के बावजूद एक को भी भुनाने में विफल रहे। इस 38 साल के खिलाड़ी ने अपने से 15 साल छोटे खिलाड़ी के खिलाफ 33 विनर्स की तुलना में सिर्फ 14 गलतियां कीं। जोकोविच के सामने अंतिम 16 में कैम नौरी होंगे। नौरी के खिलाफ जोकोविच का रिकॉर्ड 5-0 का है।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

रोसारियो (अर्जेंटीना)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में नियमित समय में 2-2 से ड्रा के बाद हुए शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया। आज यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की उप-कप्तान हिना ने (10वें) और लालरिनपुई ने (24वें) मिनट में मैच की शुरुआत में गोल दागे। गीता, कनिका और लालथंतलुंगी ने शूटआउट में गोलकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने 10वें मिनट हिना के गोल से शानदार शुरु की, इसके बाद लालरिनपुई ने 24वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफटाइम तक भारत के पास 2-0 की बढ़त थी। उरुग्वे ने अंतिम क्वार्टर में इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट और इसके बाद मिलाग्रोस सीगल ने 57वें मिनट बाद गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मुकाबला शुटआउट में चला गया।

# इंटर को 5-0 से रौंदकर पीएसजी ने जीता चैंपियंस लीग का खिताब




एजेंसी

म्यूनिख। पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में मुकाबले में इंटर मिलान को 5-0 से रौंद कर पहली बार यूरोपीय चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। शनिवार रात एलियांज एरिना में खेले गये मुकाबले में लुइस एनरिक की युवा टीम ने मैच में शुरुआत से ही इंटर मिलान पर दबदबा बनाए रखा। पीएसजी के लिए पहला गोल 12वें मिनट में अशरफ हकीमी ने किया। इसके बाद डेजायर डोऊ ने 20वें और 63वें मिनट में गोल दागे। मैच का चौथा गोल ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने 73वें मिनट में किया। अन्य खिलाड़ी के स्थान पर खेलने मैदान में उतरे सेनी मायुलु ने 86वें मिनट में गोल दागकर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही पीएसजी यूरोपीय कप जीतने वाला 24वां क्लब बन गया।

## गिल के लिए कड़ी परीक्षा होगा इंग्लैंड का दौरा: सबा करीम

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय चयनकर्ता सबा करीम का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरा नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के लिए कड़ी परीक्षा जैसा होगा और कप्तान के रूप में उनकी सफलता उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को कप्तान नियुक्त करके भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नए युग की शुरुआत की। करीम ने रविवार को फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम से इतर पीटीआई वीडियो से कहा, ''यह उनके लिए एक परीक्षा है। मुझे यकीन है कि वह इसके लिए तैयार हैं। उन्हें बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अगर वह ऐसा करने में सफल रहते हैं तो इससे उनकी कप्तानी पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ को पूरा विश्वास है कि भारत की युवा टीम इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन करके अनुकूल परिणाम हासिल करेगी। उन्होंने कहा, ''मुझे इस युवा भारतीय टीम से अच्छे नतीजों की उम्मीद है। मैच वास्तव में प्रतिस्पर्धी होंगे और मुझे लगता है कि भारतीय खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।

# फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण की तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

नयी दिल्ली। फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को हुई तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। आज सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक साइकिल चालकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल जगत की हस्तियाँ, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की अगुवाई की। खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी), खेलो




इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (केआईएससीई) और साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों जम्मू, पुंछ, किश्तवाड़, कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां, बारामुल्ला, बडगाम, सांबा में साइकिल चालक तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. मांडविया कहा, यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है। फिटनेस और देशभक्ति एक साथ चलते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण में दो प्रमुख पहलों का शुभारंभ हुआ - फिट इंडिया न्यूजलैटर और फिट इंडिया मोबाइल ऐप पर कार्बन क्रेडिट फीचर, जहाँ साइकिल चालक अब नियमित रूप से साइकिल चलाकर बचाए गए कार्बन क्रेडिट को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐप का एक बार डाउनलोड करने पर आप फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बन जाएँगे। आपकी गति 'सात से 34 किमी प्रति घंटे तक और आपकी दूरी दर्ज की जाएगी, और आपके कार्बन क्रेडिट जोड़े जाएँगे। श्री मांडविया ने इस अवसर पर अभिनेत्री शरवरी को 'यंग फिट इंडिया आइकन' की उपाधि से सम्मानित किया। यंग फिट इंडिया आईकन से सम्मानित किये जाने पर शरवरी ने कहा, यह अभियान बहुत बड़ा है और फिट इंडिया आइकॉन बनना सम्मान की बात है। साइकिल चलाना मुझे स्कूल की गर्मियों की छुट्टियों की याद दिलाता है जब हम सभी साइकिल किराए पर लेते थे और निकल पड़ते थे। यह साइकिल रैली मेरे लिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमारे बहादुर सैनिकों के लिए है। हम उनकी वजह से अपने घरों में चैन की नींद सो पाते हैं और इस तिरंगा रैली के जरिए उनकी बहादुरी को श्रद्धांजलि देना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने दो साल में पहली बार एपीएम गैस की कीमत घटाई

**नयी दिल्ली।** सरकार ने वाहन के लिए सीएनजी और रसोई गैस के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत में दो साल में पहली बार कमी की है, जो बेंचमार्क दरों में गिरावट को दर्शाता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम नियोजन और विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) की एक अधिसूचना के अनुसार, नीलामी के बिना सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी को आवंटित विरासती या पुराने क्षेत्रों से प्राकृतिक गैस की कीमत 6.75 डॉलर से घटाकर 6.41 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (एमएमबीटीयू) कर दी गई है। अप्रैल, 2023 में सरकार द्वारा इस तरह की गैस की कीमत के लिए एक नया फॉर्मूला लागू करने के बाद से यह पहली कटौती है। इससे इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, महानगर गैस लिमिटेड और अदाणी-टोटल गैस लिमिटेड जैसे शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को मदद मिलेगी, जो उत्पादन लागत में वृद्धि से दबाव में थे। अप्रैल, 2023 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिसमें एपीएम गैस कहे जाने वाले पुराने क्षेत्रों से प्राप्त गैस की कीमत मासिक आधार पर कच्चे तेल के मासिक औसत आयात मूल्य के 10 प्रतिशत पर निर्धारित करने की बात कही गई थी, जिसमें न्यूनतम चार डॉलर और अधिकतम 6.5 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट की सीमा तय की गई थी। अधिकतम मूल्य दो साल तक अपरिवर्तित रहना था और उसके बाद हर साल 0.25 डॉलर की दर से बढ़ना था। इसके अनुरूप, अप्रैल में अधिकतम मूल्य बढ़कर 6.75 डॉलर प्रति इकाई हो गया।

### मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ा की टीम ने मिश्रित एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण पदक

**चांगवोन (दक्षिण कोरिया)।** डब्ल्यूएसपीएस वर्ल्ड कप के दूसरे दिन रविवार को मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ा की मिश्रित एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। आज यहां प्रतियोगिता के दूसरे दिन मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ा की मिक्स्ड एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रुद्रांश खंडेलवाल और सुमेधा पाठक की टीम ने कांस्य पदक जीता। वहीं अवनी लेखरा और इशांक आहूजा की आर 10 मिश्रित टीम ने 10 मीटर राइफल एसएच 1 स्पर्धा में कांस्य पदक जाता। दिन के आखिर तक कुल तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते।

### आईओसी ने पानीपत में भारत की सबसे बड़ी हरित हाइड्रोजन परियोजना को अंतिम रूप दिया

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने हरियाणा में अपनी पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोरसायन परिसर में 10,000 टन प्रति वर्ष हरित हाइड्रोजन उत्पादन इकाई स्थापित करने के लिए हाइड्रोजन की पूरे जीवनकाल में हाइड्रोजन उत्पादन की औसत लागत (एलसीओएच) को अंतिम रूप दे दिया है। इससे भारत की स्वच्छ ऊर्ज़ा महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा मिलेगा। कंपनी ने बयान में कहा, इसके साथ ही भारत की अब तक की सबसे बड़ी हरित हाइड्रोजन परियोजना के साथ हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में आईओसी ने प्रवेश किया है। हालांकि, आईओसी ने लागत और अन्य वित्तीय विवरण नहीं दिए। कंपनी ने कहा, दिसंबर, 2027 तक चालू होने के लिए निर्धारित, यह रिफाइनरी परिचालन में जीवाश्म-आधारित हाइड्रोजन की जगह लेगी, जिसके परिणामस्वरूप कार्बन उत्सर्जन में पर्याप्त कमी आएगी। हाइड्रोजन एक ऐसा ईंधन है जिसका उपयोग तेल रिफाइनरियों से लेकर इस्पात संयंत्र तक के उद्योग में व्यापक रूप से किया जाता है और यह कार, ट्रक, ट्रेन, जहाज और यहां तक कि औद्योगिक प्रक्रियाओं को भी शक्ति प्रदान कर सकता है। इसे विभिन्न स्रोतों से उत्पादित किया जा सकता है। हरित हाइड्रोजन एक हाइड्रोजन गैस है जो सौर, पवन या पन-बिजली जैसे नवीकरणीय ऊर्ज़ा स्रोतों का उपयोग करके पानी को विभाजित करके बनाई जाती है। जलने पर, यह केवल पानी ही बनाती है। आईओसी ने कहा कि पानीपत परियोजना राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के लिए सरकार के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है और कंपनी के कार्बन उत्सर्जन शून्य करने के खाके के तहत एक रणनीतिक पहल है।

### ब्रिटिश एयरवेज की भारत के लिए नई उड़ानें शुरू करने की योजना, कार्गो अवसरों पर नजर

**नयी दिल्ली।** ब्रिटिश एयरवेज भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से कार्गो अवसरों का लाभ उठाने के साथ ही नये मार्गों और अधिक उड़ानों से साथ विस्तार करने की योजना बना रही है। एयरलाइन के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सीन डॉयल ने यह बात कही है। ब्रिटिश एयरवेज 100 साल से अधिक से भारत के लिए उड़ान भर रही है। इस समय एयरलाइन पांच भारतीय शहरों से सप्ताह में 56 उड़ानें संचालित करती है। इसमें मुंबई से सप्ताह में तीन उड़ानें और दिल्ली से प्रतिदिन दो उड़ानें शामिल हैं। इसके अलावा चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद से भी इसकी दैनिक उड़ानें हैं। डॉयल ने साक्षात्कार में कहा कि भारत ब्रिटिश एयरवेज के लिए ''बहुत, बहुत महत्वपूर्ण'' बाजार है और भविष्य में मार्गों और उड़ान संख्या, दोनों में वृद्धि की उम्मीद है। एयरलाइन इस साल अक्टूबर से लगभग पांच साल के बाद मुंबई-लंदन हीथ्रो मार्ग की उड़ानों में से एक में प्रथम श्रेणी की सीटें फिर से शुरू करने वाली है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हम भारत में विमानन के विकास का हिस्सा बनना चाहते हैं। हम 100 वर्षों से इसका हिस्सा रहे हैं३ भारत में ब्रिटिश एयरवेज के लिए लगभग 2,500 लोग काम करते हैं। अमेरिका के बाहर, हमारा सबसे बड़ा एकल बाजार भारत है। उन्होंने कहा कि एयरलाइन ने भारत में कोरोना वायरस महामारी से पहले के स्तर की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत की क्षमता बढ़ाई है। वैश्विक एयरलाइंस समूह अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की वार्षिक आम बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली आए डॉयल ने यह भी कहा कि अगले दशक में भारत में यात्रा की मांग बहुत तेजी से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि खासकर एक बड़े और उभरते मध्यम वर्ग के साथ विमानन क्षेत्र तेजी से वृद्धि करेगा।

## भारत चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर, प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से ही लोग होंगे विकसित : गर्ग

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारत कुछ समय में भले ही चौथी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन देश के लोगों को वास्तव में तभी 'विकसित' और आर्थिक रूप से बेहतर माना जा सकता है जब उनकी प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और इस मामले में कोई अच्छा सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि 2024 में भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 2,450 डॉलर (लगभग 2,09,622 रुपये) थी और इस मामले में देश 150वें स्थान पर है। गर्ग ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आंकड़ों को देखा जाए तो भारत अभी चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने हाल में कहा था कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। हालांकि, बाद में नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने इसका खंडन किया था। इस बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, ''आईएमएफ देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को मौजूदा अमेरिकी डॉलर में मापता है। मुद्रा कोष के 2024-25 के लिए विश्व आर्थिक परिदृश्य आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3,910 अरब डॉलर है जबकि यह जापान के मामले में 4,030 अरब डॉलर है। वास्तविकता यह है कि भारत अभी जापान से आगे नहीं निकला है। अभी हम चौथी अर्थव्यवस्था नहीं बने है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही और इसके साथ अर्थव्यवस्था का आकार 3,900 अरब डॉलर (330.68 लाख करोड़) रहा।

## अमीरात एयरलाइन के टिम क्लार्क ने भारतीय बाजार में अधिक खुली पहुंच की वकालत की

नयी दिल्ली। अमीरात एयरलाइन के अध्यक्ष सर टिम क्लार्क ने रविवार को कहा कि भारतीय बाजार में अधिक खुली पहुंच की जरूरत है। उन्होंने भारत के लिए अधिक उड़ानें संचालित करने को द्विपक्षीय अधिकारों को बढ़ाने पर जोर दिया। इस अक्टूबर में भारत में परिचालन के 40 वर्ष पूरे करने वाली खाड़ी की प्रमुख एयरलाइन नौ भारतीय शहरों में सेवा देती है। क्लार्क ने राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दा एक समस्या हैं। एयरलाइन पिछले कुछ वर्षों से दोनों देशों के बीच बढ़े हुए द्विपक्षीय अधिकारों की वकालत कर रही है, जो इस समय प्रति सप्ताह 65,000 सीटों पर है। क्लार्क के अनुसार, भारतीय बाजार में 'खुली पहुंच' होनी चाहिए। उन्होंने हालात बदलने की उम्मीद भी जताई। इस समय द्विपक्षीय उड़ान अधिकार दुबई की एयरलाइंस-अमीरात और फ्लाईदुबई- को भारत के लिए साप्ताहिक 65,000 सीटों का संचालन करने की अनुमति देते हैं।

# सर्राफा बाजार : सोने के भाव में मामूली तेजी, चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में मामूली तेजी दर्ज की गई है। भाव में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,320 रुपये से लेकर 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,210 रुपये से लेकर 89,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के बाद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 770 रुपये प्रति 10 ग्राम तक



की कमजोरी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो चुका है। सोने के विपरीत चांदी की कीमत में सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के दौरान हुए मामूली उतार चढ़ाव के बावजूद साप्ताहिक आधार पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। एक सप्ताह के कारोबार के बाद आज भी चांदी पिछले सप्ताह की कीमत यानी 99,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 97,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,320 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## ईवाई इंडिया के चेयरमैन राजीव मेमानी ने 2025-26 के लिए सीआईआई के अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नयी दिल्ली।** वित्तीय सेवा कंपनी ईवाई इंडिया के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव मेमानी ने 2025-26 के लिए उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। सीआईआई ने रविवार को यह जानकारी दी। मेमानी ने आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) संजीव पुरी का स्थान लिया है। मेमानी ईवाई के वैश्विक कार्यकारी बोर्ड के सदस्य भी हैं और इसकी 'ग्रोथ मार्केट्स काउंसिल' के चेयरपर्सन भी हैं। टाटा केमिकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ आर मुकुंदन ने 2025-26 के लिए सीआईआई के मनोनीत अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला।

# आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

एजेंसी

मुंबई। वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय बाजार में सकारात्मक उत्प्रेरकों की अनुपस्थिति से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से कम गिरे बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णयों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 270.07 अंक अर्थात 0.33 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 81451.01 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 102.45 अंक यानी 0.41 प्रतिशत टूटकर 24750.70 अंक पर आ गया। वहीं, समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 274.93 अंक अर्थात 0.61 प्रतिशत उछलकर 45136.35 अंक और स्मॉलकैप 891.83 अंक यानी 1.7 प्रतिशत की छलांग लगाकर 52413.25 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों ने लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की क्योंकि वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय स्तर पर सकारात्मक ट्रिगर्स की अनुपस्थिति ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी व्यापार नीतियों में अस्थिरता, विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक व्यापार रणनीति की वापसी के संकेत, वैश्विक बाजारों में



व्यापक आर्थिक चिंताओं को और गहरा सकते हैं, जिससे उभरते बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। वहीं, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों के दम पर मजबूती दिखाई जबकि लार्जकैप कंपनियों के ब्लूचिप परिणाम अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके, जिससे इन शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा। विशेष रूप से निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ने दरों में संभावित कटौती की उम्मीदों के चलते प्रमुख सूचकांकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार फिलहाल चौथाई फीसदी की दर कटौती को मूल्यांकन में शामिल कर चुका है, जिससे ब्याज दर के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक बनता है। घरेलू आर्थिक संकेतकों की बात करें तो परिदृश्य अपेक्षाकृत अनुकूल नजर आ रहा है। बेहतर मानसून पूर्वानुमान, सौम्य मुद्रास्फीति प्रक्षेपवक्र और 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की मजबूती (7.4 प्रतिशत) ने निवेशकों के लिए एक राहत का माहौल बनाया है, जो बाजार में गिरावट की गति को थामने में मदद कर सकता है। अगले सप्ताह 06 जून को आरबीआई की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय जारी होने वाले हैं। निवेशक महंगाई में नरमी और मजबूत आर्थिक विकास दर को ध्यान में रखते हुए ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत तक की एक और कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। अगले सप्ताह केंद्रीय बैंक के रुख पर बाजार की नजर रहेगी।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सत्यता का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सफाई योद्धाओं ने छानबे के 97 गांवों को चमकाया, 14 बोरी प्लास्टिक जुटाया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



मीरजापुर। छानबे क्षेत्र के लिए रविवार का दिन किसी पर्व से कम नहीं रहा। डीपीआरओ के निर्देश पर शुरू हुए प्लास्टिक मुक्त अभियान ने जनभागीदारी की एक मिसाल पेश की। गांव-गांव में प्रधानों और सफाई कर्मियों ने मिलकर कंधे से कंधा मिलाया और सार्वजनिक स्थलों को चमकाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मिश्रित आबादी वाले विजयपुर गांव में प्रधान शहीदा बानो की अगुवाई में विशेष सफाई अभियान चला। गांव वासियों की सहभागिता से 14 बोरी प्लास्टिक और पॉलीथीन इकट्ठा किया। यह कूड़ा जूट के बोरों में भरकर इलेक्ट्रिक वाहन से संग्रह केंद्र तक पहुंचाया गया, जहां मशीन पर वजन कर छंटाई की गई। यह कदम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है। प्रधान कमलेश बिंद ने मनिकठी गांव में जिगना-मिश्रपुर मार्ग से गौरा गांव तक फैले क्षेत्र की सफाई करवाई। खास बात यह रही कि अमर शहीद रवि सिंह के नाम पर बने प्रवेश द्वार को भी स्वच्छता अभियान से जोड़ा गया, जो भावनात्मक रूप से लोगों को जोड़ने में कारगर रहा। प्रधान प्रिया पांडेय के नेतृत्व में भैदपुर में भी जोरदार अभियान चला। टीम लीडर अरुण सिंह की देखरेख में स्वच्छता ग्राही पूरी मुस्तैदी से लगे रहे। आरआरसी सेंटर पर कूड़े के वैज्ञानिक प्रबंधन की शुरुआत की गई है। पंचायत प्रभारी एडीओ बृजेश सिंह ने बताया कि छानबे के 97 गांवों में 250 से भी अधिक सफाईकर्मी लगातार दूसरे दिन अभियान में लगे रहे। एसबीएम ग्रामीण के ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर विजय प्रताप सिंह और हरीश शुक्ला ने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया और कार्यों की निगरानी की।

## छह क्षेत्राधिकारी समेत 16 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र बदले

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर देहात। जिले में चार्ज लेने के पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा ने 24 घण्टे के अंदर ही छह क्षेत्राधिकारी, 10 निरीक्षक और उप निरीक्षक मिलाकर कुल 16 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। नवागत एसपी ने कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सीओ व निरीक्षकों को बदलते हुए अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के निर्देश दिए हैं। नवागत एसपी अरविंद मिश्रा जिला की कमान संभालने के बाद आपराधिक गतिविधियों का माहौल जानकर कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया है। इसी क्रम में उन्होंने छह क्षेत्राधिकारियों के सर्किल क्षेत्रों में बदलाव किया है। उन्होंने क्षेत्राधिकार रसूलाबाद राजीव सिरोही को क्षेत्राधिकार डेरापुर, संजय वर्मा क्षेत्राधिकार सिकंदरा से क्षेत्राधिकार अकबरपुर के साथ अपराध एवं साइबर क्राइम, प्रिया सिंह को क्षेत्राधिकार यूपी 112 , कार्यालय, भवन, चुनाव सेल की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह आलोक कुमार क्षेत्राधिकार यातायात से हटाकर क्षेत्राधिकार सिकंदरा के साथ लाइन, संजय कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर के साथ ही यातायात की अतिरिक्त जिम्मेदारी और सौरभ वर्मा पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय से क्षेत्राधिकार रसूलाबाद सर्किल का चार्ज सौंपा है।

वहीं शनिवार देर रात पुलिस अधीक्षक कई निरीक्षक और उप निरीक्षक के कुल 10 थानों में बदलाव किया है। इनमें निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह को प्रभारी स्पेशल टीम से प्रभारी निरीक्षक भोगनीपुर, अंजन कुमार सिंह निरीक्षक भोगनीपुर से प्रभारी निरीक्षक थाना एचटी, मुकेश कुमार सोलंकी प्रभारी निरीक्षक थाना रनिया से प्रभारी निरीक्षक शिवली, हरमीत सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना शिवली से प्रभारी निरीक्षक थाना रसूलाबाद, मंगलपुर थाने में तैनात दिलीप कुमार बिंद को मंगलपुर का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। वहीं संजय कुमार गुप्ता मंगलपुर थाने से प्रभारी निरीक्षक थाना रनिया, सुरजीत सिंह प्रभारी निरीक्षक अमराहट से प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम, प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम अब्दुल कलाम को थाना साइबर क्राइम व उपनिरीक्षक दिनेश गौतम को प्रभारी थाना एचटी से थाना एचटी और उप निरीक्षक राहुल कुमार को चौकी मुंगीसापुर से थानाध्यक्ष अमराहट की जिम्मेदारी सौंपी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने और शासन और प्रशासन की मंशा के अनुरूप नो क्राइम को जिले में लागू करने की मुहिम को तेज कर दिया गया है। इसको लेकर सभी मातहतों और पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव के साथ अपराध रोकथाम के निर्देश दिए गए हैं।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वृद्ध किसान की मौत

मीरजापुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के बघौड़ा गांव के पास शनिवार की देर शाम लगभग सात बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। खेत से लौट रहे 65 वर्षीय किसान कैलाश सिंह को तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कैलाश सिंह पैदल ही अपने घर लौट रहे थे, तभी मीरजापुर-सोनभद्र मार्ग पर सोनभद्र की ओर से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि किसान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। घायल अवस्था में कैलाश सिंह को उनके परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले गए, जहां चिकित्सक डॉ. महेंद्र चौधरी ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## ग्रेटर नोएडा में सभी पानी की टंकियों की होगी सफाई, शेड्यूल जारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भूमिगत जलाशयों के साथ ही अब अपर जलाशयों (टंकियों) की सफाई कराएगा। इसकी शुरुआत 3 जून से होगी। सबसे पहले सिग्मा फोर के ओवरहेड टैंक की सफाई की जाएगी। प्राधिकरण ने अपर जलाशयों की सफाई के लिए डेट वाइज शेड्यूल जारी किया है। प्राधिकरण स्वच्छ जलापूर्ति के लिए तय समयावधि में जलाशयों की सफाई कराता रहता है। जिस दिन सफाई होगी उस दिन सुबह की जलापूर्ति होगी। दोपहर व शाम को पानी का प्रेशर कम रहेगा। इसलिए जल विभाग की तरफ से पानी को स्टोर करके रख लेने की सलाह दी गई है और अगर किसी जगह पानी नहीं मिल पाता है तो वह टैंकर मंगवा सकता है। जल विभाग ने टैंकर का भी इंतजाम किया है। टैंकर मंगवाने के लिए संपर्क नंबर भी दिए गए हैं। महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि पानी की स्वच्छता को बरकरार रखने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण नियमित रूप से अपर व भूमिगत जलाशयों की सफाई कराता रहता है। प्राधिकरण ने भूमिगत जलाशयों की सफाई पहले ही शुरू करा दी है। सिग्मा फोर -03 जून, बिल्डर्स एरिया पी-4 -04 जून, सेक्टर चाई फोर पुराना -5 जून, सेक्टर चाई फोर -6 जून, बिल्डर्स एरिया पी-7 -9 जून, सेक्टर-32 -10 जून, सेक्टर-33 -11 जून, सेक्टर-37 -12 जून, स्वर्णनगरी -13 जून, सेक्टर ईटा -14 जून, सेक्टर ईटा वन -16 जून, ओमीक्रॉन वन -17 जून, ओमीक्रॉन थ्री -18 जून, ज्यू -2 -19 जून, ज्यू-3 -20 जून, अल्फा गोल्फ कोर्स -21 जून, गामा टू -23 जून, सेक्टर म्यू -24 जून, केपी वन -25 जून, केपी टू -26 जून, केपी थ्री -27 जून, इको टेक वन एक्सटेंशन वन -28 जून, इको टेक वन एक्सटेंशन -30 जून, इको टेक टू -01 जुलाई, ट्वॉय सिटी -02 जुलाई, सेक्टर -3 -03 जुलाई, सेक्टर दो -04 जुलाई, सेक्टर दो ओएचटी कैंपस -05 जुलाई, बीटा टू -07 जुलाई, सेक्टर फाई फोर -08 जुलाई, सिग्मा टू -09 जुलाई, इको टेक थ्री -10 जुलाई। पानी की दिक्कत होने पर ग्रेटर नोएडा के निवासी इन नंबरों (7983604110, 9811839456, 9873763995, 9899331572, 9654302913, 8130504019, 8377911380, 9871090100 और 8859285804) पर कॉल कर सकते हैं।

## ढाबा मालिक को कार से कुचलने का मामला तीन आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक ढाबा संचालक को कार से कुचलने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को रविवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। गांव आकलपुर के वेदप्रकाश और मनवीर भीकनपुर मार्ग पर साझेदारी में ढाबा चलाते हैं। मंगलवार रात करीब 12 बजे दोनों ढाबा बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के ही विकास ने पुरानी रंजिश के कारण अपनी स्कॉर्पियो से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में वेदप्रकाश का कुल्हा और पैर टूट गया। मनवीर को भी चोटें आईं। टक्कर मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित का आरोप है कि 6 महीने पहले आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी।

## उप्र संगीत नाटक अकादमी कला की दुनिया को देगी नया मंच, हुनर को मिलेगी पहचान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

■ कलाकारों के लिए सुनहरा अवसर! अकादमी पुरस्कारों के लिए करें आवेदन

मीरजापुर। अगर आप मीरजापुर के ऐसे कलाकार हैं जो वर्षों से कला की दुनिया में साधना कर रहे हैं, तो अब आपके हुनर को प्रदेश स्तर पर पहचान मिलने का समय आ गया है। उत्तर प्रदेश सरकार की सांस्कृतिक नीति के अंतर्गत एक प्रेरणादायक पहल करते हुए उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ ने वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 के लिए अकादमी पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। यह पुरस्कार संगीत, नृत्य, रंगमंच, लेखन, समीक्षा, कला उन्नयन और छायांकन जैसे विविध क्षेत्रों में कार्यरत प्रतिभाशाली कलाकारों को प्रदान किए जाएंगे। गायन, वादन, नृत्य, रंगमंच, लेखन-समीक्षा, छायांकन यदि आप इनमें से किसी भी विधा में पिछले दस वर्षों से सक्रिय हैं, तो यह पुरस्कार आपके लिए है। नामांकन के लिए दो श्रेणियों को पात्र माना गया है। ऐसे कलाकार जो उत्तर प्रदेश में जन्मे हैं और निरंतर कार्य कर रहे हैं और वे कलाकार जिनका जन्म भले ही अन्यत्र हुआ हो, पर वे पिछले 10 वर्षों से उत्तर प्रदेश में निवास कर यहां की संस्कृति को समृद्ध कर रहे हैं। मीरजापुर के कलाकारों के लिए यह खास मौका सिर्फ सम्मान ही नहीं, बल्कि एक नई पहचान, सरकारी मंचों पर सहभागिता और प्रशिक्षण जैसे अवसरों का द्वार खोलता है। जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय ने सभी कलाकारों से आग्रह किया है कि वे अपना आवेदन 10 जून 2025 तक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कार्यालय, रामबाग में जमा करें। आवेदन के लिए निर्धारित प्रारूप कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ईमेल : noidarp@gmail.com

प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशांतगंज लखनऊ,(उप्र)


## गोशालाओं से लाएं दुधारू गाय पाएं पन्द्रह सौ रूपए महीना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गोशालाओं से गाय लेने वाले प्रत्येक किसान को 15 सौ रुपए महीना दे रही है। गौ सेवा करने के साथ ही मजबूत करें अपनी आर्थिक स्थिति। यह जानकारी रविवार को प्रयागराज के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.शिवनाथ यादव ने दी। उन्होंने बताया कि गोशालाओं से निराश्रित दुधारू गायों को पालने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एक किसान को 15 सौ रुपए महीना दे रही है। एक परिवार को चार गाय ले सकता है। किसानों एवं पशुपालक भाइयों से अपील है कि ऐसा सुनहरा मौका हाथ न जाने दे। डॉ.शिवनाथ यादव ने किसानों से अपील किया है कि खेतों में पराली व भूसा जलाने के बजाय अपने नजदीकी गोशालाओं को दान करें। खेतों में पराली जलाने से मिट्टी को उपजाऊ बनाने वाले सूक्ष्म किसान मित्र नष्ट हो रहें है। हरी खाद व खरपतवार को खेत में सूखने दे, जिससे खेत उपजाऊ होगा। डॉ.शिवनाथ यादव ने बताया कि अपने नजदीकी गौशाला से सम्पर्क करें और उसी क्षेत्र के पशु चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क करके आवेदन फार्म लेकर आवेदन करें। इसकी संस्तुति हो जाने पर आप को गाय मिल जाएगी। हालांकि कुछ जरूरी कागजात देने पड़ेगे।

## भगवान राम ने दुनिया को दिया मानवता का संदेश : रामेश्वर बापू

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अयोध्या। राधामोहन कुंज जानकीघाट में रविवार को दीप प्रज्वलन संग नव दिवसीय श्रीरामकथा का भव्य शुभारंभ हुआ। व्यासपीठ पर विराजमान सुप्रसिद्ध कथाव्यास रामेश्वर बापू हरियाणी गुजरात ने अमृतमयी श्रीरामकथा के प्रथम दिवस भक्तजनों को रसास्वादन कराते हुए कहा कि यह पावन पुनीत श्रीअवध धाम है, जिसे सप्तपुरियों में मस्तक कहा गया है। यह सातों पुरी में मस्तक के समान है। अवध धाम की बड़ी ही महिमा है। जहां मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अवतार लेकर सबका कल्याण किया। प्रभु श्रीराम ने पूरे देश-दुनिया को मानवता का पाठ पढ़ाया और मानवता का संदेश दिया। भगवान श्रीराम जैसा कोई नही है। आज सारा संसार उनका गुणगान करता है। उन्होंने सबको मर्यादित जीवन जीना सिखाया। हम सब परम सौभाग्यशाली है। जो हम सबको अयोध्या धाम जैसी इस पवित्र धरा पर सत्संग लाभ व श्रीरामकथा का दिव्य आनंद प्राप्त हो रहा है। जैसा कि शास्त्रों में अवध धाम की महिमा गाई गई है। अयोध्या नाम ही अपने आप में भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश का स्वरूप है। केवल अयोध्या नाम लेने मात्र से ही तीनों देवताओं के नाम लेने का फल मिल जाता है। साठ हजार वर्षों तक गंगा तट पर रहकर भजन-साधना करने का जो फल है, वह फल केवल अयोध्यापुरी के दर्शन करने मात्र से ही मिल जाता है। अयोध्यापुरी की महिमा को बढ़ाने के लिए भगवान के नेत्रों से नेत्रजा सरयू मैया प्रकट हुई हैं। जिनके बारे में कहा गया है कि कोटि कल्प काशी बसे, मथुरा कल्प हजार। एक निमिष सरयू बसे, तुले न तुलसीदास। ऐसी मां सरयू, अयोध्या धाम और हमारे प्रभु श्रीराम की महिमा है। अब तो आनंद ही नहीं, महा आनंद का अवसर हम सबको मिला है। जब श्रीरामजन्मभूमि पर हमारे श्रीरामलला विराजित हुए हैं। भक्तों के हृदय का वह आनंद, ब्रह्मानंद में परिवर्तित हो रहा है। नित्य प्रति अनेकानेक भक्त श्रीधाम अवध में पधार रहे और बड़े भाव से श्रीरामलला का दर्शन कर रहे हैं। इससे पहले श्रीरामकथा के यजमानों ने व्यासपीठ का पूजन-अर्चन कर दिव्य आरती उतारी। अंत में प्रथम दिवस की कथा विश्राम पर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन अमृतमयी श्रीरामकथा का रसपान कर अपना जीवन कृतार्थ कर रहे थे। वहीं इससे पहले सुबह संकटमोचन हनुमान मंदिर से गाजे-बाजे संग भव्य पोथी एवं कलशयात्रा निकाली गई। जो रामनगरी के मुख्यमार्गों से होते हुए अपने गंतव्य को वापस लौटी। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सभी 51 कलशों को विधि-विधान पूर्वक स्थापित किया गया।

# समर कैम्प में बच्चों ने भाषा वृक्ष बनाने का तरीका सीखा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

संतकबीर नगर। समर कैंप के 12 वें दिन ए. एच. एग्री. इंटर कॉलेज दुधारा के बच्चों ने कल्पनाशील कहानी, भाषा वृक्ष बनाने का तरीका सीखा। बच्चों ने कल्पनाशील कहानी के माध्यम से मौलिक रुप से अभिव्यक्ति की कला का प्रदर्शन किया तो वहीं भाषा वृक्ष निर्माण कर भारतीय भाषाओं और कला के प्रति अपनी समझ का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रतिभा व उनका उत्साह देखकर सभी हैरान रहे। कैम्प के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को नोडल शिक्षक कमरे आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में बच्चों ने कल्पनाशील कहानी, कल्पनाशील डायरी और भाषा वृक्ष निर्माण करने का तरीका सीखा। इस दौरान बच्चे पूरी तरह से उत्साहित दिखे। कैंप में शिक्षक मोहम्मद इश्तियाक अंसारी ने बच्चों को एक चित्र दिखाया और उनसे उस चित्र में क्या-क्या है, बिन्दु पर अपनी राय जाहिर करने को कहा। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता का प्रयोग करते हुए चित्र के संबंध में वर्णनात्मक और भावात्मक वर्णन करने को कहा। चित्र का अवलोकन कर बच्चों ने रचनात्मक वर्णन संबंधी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों में भारतीय भाषाओं के प्रति गहरी समझ विकसित करने के लिए भाषा वृक्ष निर्माण के बारे में कहा गया। बच्चों ने संस्कृत भाषा को मूल में रखकर पालि, प्राकृत और अपभ्रंश को वृक्ष के तने में रखा और खड़ी बोली, ब्रजभाषा, अवधी, बुंदेली, बघेली और कन्नौजी को छह प्रमुख शाखों के रूप में रखा और हरियाणवी, मेरठी, मैथिली, भोजपुरी आदि बोलियां को वृक्ष के पत्तों के रूप में रखकर एक सुंदर भाषा वृक्ष का निर्माण किया। अगले कार्यक्रम में बच्चों ने कल्पनाशील डायरी विषय पर भी चर्चा किया। इस बिंदु के तहत समर कैंप के दौरान अब तक क्या सीखा और आगे क्या सीखना चाहेंगे, इस पर अपने विचार व्यक्त किए। समर कैंप के प्रारंभ में शिक्षक जुबेर अहमद द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं को योग व प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। शिक्षक ने बताया कि जीवन में निरोगी रहने के लिए योग व प्राणायाम बहुत जरूरी है। इसको अपनी दिनचर्या में शामिल करना पड़ेगा। इस दौरान प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी, मोहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, कमरे आलम सिद्दीकी, अब्दुस्सलाम, मोहम्मद परवेज अख्तर, मोहम्मद शाहिद, जुबैर अहमद, मोहम्मद युनुस, औबेदुल्लाह, ओजैर अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, जुनैद अहमद, रफी अहमद सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## पेड़ों के दुश्मनों पर कसा शिकंजा, वन विभाग की बड़ी कार्रवाई!

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मीरजापुर। शनिवार रात मीरजापुर के सृकृत वन रेंज में उस वक्त हड़कंप मच गया जब बरही गांव के पास ग्रामीणों की सतर्कता से वन विभाग ने भारी मात्रा में अबैध लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली रंगे हाथ पकड़ ली। भवानीपुर वन चौकी पर लाकर की गई जांच में जब यह पुष्टि हुई कि लकड़ी की ढुलाई अवैध तरीके से की जा रही है, तो वन क्षेत्राधिकारी राकेश यादव ने तत्काल ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर एक लाख रुपये का जुर्माना ठोक दिया। देर रात करीब दस बजे कुछ लोग जंगल से कीमती लकड़ी काटकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पर लादकर निकल रहे थे। बरही के पास जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने बिना देर किए ट्रैक्टर को रोका और वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वनकर्मी मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर-ट्रॉली को भवानीपुर वन चौकी ले गए।

वन क्षेत्राधिकारी राकेश यादव ने मौके पर पहुंचकर जब जांच की, तो लकड़ी अवैध पाई गई। उन्होंने तत्काल प्रभाव से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर, लकड़ी माफियाओं के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी। साथ ही एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## पिता-पुत्र सहित 4 की मौत, हाईवे पर बकरों से लदा कैंटर डिवाइडर से टकराया, 6 की हालत गंभीर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़। अलीगढ़ के थाना गभाना क्षेत्र में 2 सडक हादसों में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई। सभी लोग ईद के त्यौहार के लिए एटा से बकरे बेचने के लिए दिल्ली जा रहे थे। मृतकों में पिता पुत्र सहित चार लोग शामिल हैं। इस हादसे में 6 अन्य लोग घायल है जिनको इलाज के लिए श्रेछ मेडिकल में भर्ती कराया गया है। जिला एटा के मारहरा निवासी पशु व्यापार करने वाले परिवार के दर्जनभर लोग एटा से दिल्ली के लिए बकरे लेकर निकले थे। एक कैंटर में पांच लोग सवार थे जबकि दूसरे में 6 थे। दिल्ली कानपुर नेशनल हाईवे पर एक कैंटर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। घटना में हजारी लाल (52) हरिश्चन्द्र (28) अमर सिंह (25) की मौत हो गई। कुछ दूरी पर चलते ही दूसरे कंटेनर की सीएनजी खत्म हो गई। इस दौरान उनको पहले कंटेनर के डिवाइडर से टकराने की सूचना मिली। वह लोग एक ट्रैक्टर में सवार होकर वापस आ रहे थे। इस दौरान अनियंत्रित कंटेनर को ट्रैक्टर को टक्कर मार दी जिसमें रवेंद्र (22) की मौत हो गई। घटना में 6 लोग घायल हुए हैं। सड़क हादसे में चार लोगों की मौत की सूचना मिलने पर परिवार के लोग अलीगढ़ पहुंचे। इस दौरान पोस्टमार्टम गृह पर रोते हुए महिलाएं बेहोश तक हो गई। महिलाओं की हालत बिगड़ देख परिवार के लोगों ने सभी महिलाओं को गाड़ी से वापस एटा के लिए रवाना कर दिया है। मृतकों के परिजन धर्मेंद्र ने बताया कि सभी लोग दिल्ली में ईद के त्योहार पर कमाने खाने के लिए जा रहे थे। यह लोग सड़क किनारे खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रहे थे। तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर ने सभी को टक्कर मार दी। धर्मेंद्र ने पशु बिक्री करने जाने की बात से साफ इनकार किया है। एसपी सिटी मृगाँक शेखर पाठक ने बताया कि सुबह एक गाड़ी एटा से दिल्ली की ओर जाते समय डिवाइडर से टकरा गई जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। अन्य घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया था, उपचार के दौरान 2 अन्य लोगों की भी मृत्यु हो गई है। इसी के आगे एक और गाड़ी चल रही थी एवं उस गाड़ी की सीएनजी भी खत्म हो गई थी जिस कारण सभी लोग गाड़ी से बाहर निकलकर दिल्ली की ओर जाने के लिए एक ट्रैक्टर ट्रॉली की मदद लेकर बैठ गये। थोड़ी दूर चलने के बाद दिल्ली की ओर से आते हुए एक केंटर ने ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिसमें एक और व्यक्ति की मृत्यु हो गई है एवं अन्य घायलों को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहाँ घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई है, केंटर को कब्जे में लिया गया है। चारों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेज दिया गया है।